संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com पर पढ़े .......
07 मार्च 2025, शुक्रवार
पृष्ठ-8, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 156
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
# संताल एक्सप्रेस

## मोदी दो़ गंगा मंदिर रेय पुजा़ पाठ केदा



**देहरादून।** गंगा रेयाक् शीतकालीन वास मुखवा रे वैदिक मो़न्तो़र सालाक् ते माराङमंत्री नरेन्द्र मोदी रेन तीर्थ पुरोहित दो़को जोहारकेदा। मुखवा रे मेनाक् गंगा मंदिल रे बो़लो़क् लाहा रे बाहामालाको हो़रो़क् आदेया। मुंदिल रेयाक् गर्भगृह रे तीर्थ पुरोहित दो़ श्रीसुक्त खो़न गंगा मुरतीयाक् अभिषेक ओचोय तायो़म गंगा लहरी रेयाक् दिव्य मो़न्तो़रको तेको पुजा़ पाठ ओचो केदेया।

# विधानसभा : कोयलांचल में अवैध खनन का मुद्दा गरमाया

## स्पीकर ने दिया कमेटी गठन करने का आश्वासन





**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में कोयलांचल क्षेत्र में सरकारी और रैयती जमीन पर अवैध खनन, ओबी डंपिंग और रैयतों के साथ हो रही गुंडागर्दी का मुद्दा गरमाया। माले विधायक अरूप चटर्जी और चंद्रदेव महतो ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत यह मामला उठाया और आरोप लगाया कि राज्य सरकार केंद्र सरकार पर 136 करोड़ रुपये बकाया होने की बात करती है, लेकिन सरकारी जमीन पर जारी अवैध खनन पर ध्यान नहीं दे रही है।

अरूप चटर्जी ने कहा कि जब जमीन के असली मालिक रैयत इस मुद्दे पर विरोध जताते हैं, तो उन्हें दबा दिया जाता है। यह पूरा खेल राजनीतिक और पुलिस संरक्षण में चल रहा है। उन्होंने कोल इंडिया पर राज्य सरकार की जमीन पर अवैध खनन करने का आरोप लगाया।

विधायक सरयू राय ने कहा कि कोल कंपनियां नदियों में ओबी डंपिंग कर रही हैं, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है।विधायक जयराम महतो ने कहा कि कोयलांचल क्षेत्र के हर विधायक इस समस्या से परिचित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनियों ने लठैत तैनात कर रखे हैं, जिससे लोकतंत्र की जगह ÷लठैत तंत्र÷ हावी हो गया है। उन्होंने देवप्रभा कंपनी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रशासन उनका सहयोगी नहीं, बल्कि प्रशासन ही उनका है।

भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने मामले की गंभीर जांच की जरूरत बताई। कई विधायकों ने इस मामले की विधानसभा की कमिटी से जांच कराने की मांग की।

विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने इस मुद्दे पर कमिटी गठित करने की बात कही और आश्वस्त किया कि इस पर उचित निर्णय लेकर सदन को सूचित किया जाएगा।

### विस में सहिया और रसोईया के लिए 2500 रुपये मानदेय की मांग

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन गुरुवार को सदन की कार्यवाही सुबह 11:07 बजे शुरू हुई। सत्र के दौरान विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने मंईयां योजना की तर्ज पर सहिया और रसोईया को 2500 रुपये मानदेय देने की मांग उठाई।

### भाजपा विधायकों का हंगामा, दिव्यांग पेंशन बढ़ाने की मांग पर वॉकआउट

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन गुरुवार को भाजपा विधायकों ने दिव्यांग पेंशन बढ़ाने की मांग को लेकर वेल में पहुंचकर हंगामा किया। विधायक जोरदार नारेबाजी करने लगे, जिससे सदन की कार्यवाही बाधित हुई। स्पीकर ने विधायकों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। स्पीकर ने भाजपा विधायकों से कहा कि आप सदन को बाधित भी करेंगे और प्रश्न का उत्तर भी लेंगे। चित भी आपका, पट भी आपका–ऐसा नहीं हो सकता। इसके बाद भाजपा विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

# भाजपा विधायक दल के नेता बने बाबूलाल

## विधानसभा चुनाव की कमियों को दूर करने का लिया संकल्प



**संवाददाता**

**रांची ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता चुना गया है।भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव को संपन्न कराने के लिए भाजपा संसदीय बोर्ड द्वारा केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, और ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद डॉ के. लक्ष्मण पर्यवेक्षक बनाए गए थे। साथ ही, प्रदेश भाजपा प्रभारी डॉ लक्ष्मी कांत वाजपेयी, संगठन महामंत्री कर्मवीर ,क्षेत्रिय संगठन महामंत्री नागेंद्र, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय सहित 19 विधायक इस बैठक मे शामिल हुए।

वहीं,भाजपा के दो विधायक निजी कारणों से पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन व विधायक सीपी सिंह इस बैठक मे शामिल नहीं हो सके। बैठक के बाद चुनाव पर्यवेक्षक भूपेंद्र यादव ने मीडिया को बताया कि बैठक मे सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया है। श्री यादव ने कहा कि विधायक दल के नेता श्री मरांडी के नेतृत्व मे पार्टी के विधायक झारखण्ड के विकास को नया आयाम देंगे और केंद्र सरकार के विकसित भारत के सपने को झारखण्ड मे गति देंगे।भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद बाबूलाल मरांडी ने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने गत विधानसभा चुनाव की कमियों को दूर करने का संकल्प भी व्यक्त किया।

### स्पीकर से नेता प्रतिपक्ष को मान्यता देने का आग्रह

**रांची ।** प्रदेश भाजपा ने विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो से सदन में नेता प्रतिपक्ष की मान्यता प्रदान करने का आग्रह गुरुवार को किया है। पार्टी ने विधानसभा अध्यक्ष को बाबूलाल मरांडी के भाजपा के विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद इसकी जानकारी दी। इसे लेकर भाजपा के विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय और पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक भूपेंद्र यादव और डॉ के लक्ष्मण की ओर से हस्ताक्षर किए गए पत्र को सौंपा।

# जामताड़ा : पूर्व राजद जिला अध्यक्ष के पुत्र को दिनदहाड़े मारी गोली



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**जामताड़ा ।** राजद के पूर्व जिला अध्यक्ष भोला यादव के पुत्र विनय यादव को दिनदहाड़े अज्ञात अपराधियों ने मारी गोली। घटना के बाद गंभीर अवस्था में पहुंचाया गया अस्पताल जहां से बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया गया। मिहिजाम शहर के व्यवसायी कानगोई निवासी विनय कुमार यादव को दिन दहाड़े विश्वकर्मा मंदिर के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 419 पर अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने पीछे से फिल्मी अंदाज में कमर के पास गोली मार दी और फरार हो गए। घटना के बाद घटनास्थल पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए साथ ही उपस्थित लोगों के द्वारा मिहिजाम पुलिस को सूचना दिया गया। सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची। देखते ही देखते घटनास्थल छावनी में तब्दील हो गया। घायल को चिरेका के केजी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए दुर्गापुर रेफर कर दिया।

दोपहर करीब 2 बजे के आस विनय यादव अपने घर की ओर बुलेट से जा रहा था। तभी अचानक पीछे से मोटरसाइकिल सवार युवकों ने कमर पर गोली मार दी।

फॉरेंसिक टीम द्वारा सड़क पर पड़े खून को संग्रह कर जांच के लिए भेजा गया। इसके अलावा घटनास्थल के आसपास के निजी घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है ताकि अपराधियों की पहचान हो सके। थाना प्रभारी विवेकानंद दुबे ने बताया कि शक के आधार पर एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा। इस घटना से पीड़ित के परिवार में दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना का निश्चित कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### कृषि विभाग के 24.21 अरब का बजट विधानसभा से पारित


**रांची ।** बजट सत्र के दौरान गुरुवार को भोजनवकाश के बाद कृषि और पशुपालन विभाग का 24 अरब 21 करोड़ आठ लाख और 16 हजार रुपए का बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। इस दौरान विपक्ष अनुपस्थित रहा। विपक्ष पहली पाली में सदन में वॉक आउट किया था। वहीं कृषि विभाग के बजट पर हुए वाद-विवाद पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए कृषि मंत्री शिल्पी ने कहा कि यह चिंता का विषय है कृषि जैसे महत्वू पर्ण विभाग पर चर्चा हो रही है और विपक्ष अपनी अंर्तकलह के कारण सदन में मौजूद नहीं है।


### झारखंड के तापमान में आज से फिर होगी वृद्धि

**रांची ।** देश के उत्तरी-पश्चिमी दिशा में हुई बर्फबारी की वजह से झारखंड के विभिन्न इलाकों में तापमान में हो रही गिरावट शुक्रवार से थम जाएगी। तापमान में शुक्रवार से फिर से बढ़ोतरी होने लगेगी। यह जानकारी मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने गुरुवार को दी। उन्होंने बताया कि बुधवार की तुलना में गुरुवार को तापमान में एक डिग्री की ही वृद्धि होगी। झारखंड के सभी जिलों में तापमान में धीरे धीरे वृद्धि होगी। अभिषेक आनद ने गुरुवार को बताया कि झारखंड में इस वर्ष भी गर्मी औसत से थोड़ी अधिक पड़ेगी।

# देवघर में तीन दिवसीय राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव का भव्य आगाज, मंत्री सुदिव्य ने किया उद्घाटन

## इसके बाद विभिन्न कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दीं







**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में तीन दिवसीय राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव, 2025 का शुभारंभ मंत्री सुदिव्य कुमार नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर दुमका सांसद नलीन सोरेन, देवघर विधायक सुरेश पासवान, सारठ विधायक उदय शंकर सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष किरण कुमारी, संथाल परगना कमिश्नर लालचंद डाडेल सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता को दर्शाता है। महाशिवरात्रि और शिवबारात के सफल आयोजन के बाद अब इस महोत्सव को और भव्य रूप से मनाने की योजना है। महोत्सव के दौरान मंत्री सुदिव्य कुमार ने मीडिया बंधुओं की सुविधा के लिए विशेष रूप से तैयार मीडिया गैलरी का उद्घाटन किया, जिससे इस महोत्सव की व्यापक कवरेज संभव हो सके।

देवघर डीसी विशाल सागर ने कहा कि भारत की लोक कला और संस्कृति की समृद्ध परंपरा को बढ़ावा देने के लिए यह महोत्सव अहम भूमिका निभाएगा।

## मुख्यमंत्री से मिला झारखंड पुलिस एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल



**संवाददाता**

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड पुलिस एसोसिएशन, रांची, झारखंड के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी के साथ अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने भी झारखंड पुलिस एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

# रांची में दो लोगों की गोली मारकर हत्या



**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड के चान्हो थाना क्षेत्र के चामा स्थित एक आश्रम में बुधवार देर रात दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गुरुवार सुबह घटना सामने आई।

मृतकों की पहचान राजेंद्र यादव और महेश के रूप में हुई है, जो आश्रम में रह रहे थे।

जानकारी के मुताबिक, रात करीब एक बजे कुछ हथियारबंद लोग आश्रम पहुंचे और राजेंद्र यादव को निशाना बनाकर फायरिंग की। गोलीबारी की आवाज सुनकर महेश जब उसकी ओर बढ़ा, तो अपराधियों ने उसे भी गोली मार दी। घटना के बाद हमलावर फरार हो गए। ग्रामीणों ने खून से लथपथ दोनों को देखा और पुलिस को सूचना दी। महेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल राजेंद्र यादव ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि हत्या के मामले की जांच जारी है और आरोपितों को पकड़ने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है।

# आईआईटी आईएसएम धनबाद के इंजीनियरिंग छात्र का शव होस्टल के बाथरुम में मिला

**संवादादता**

**धनबाद ।** धनबाद स्थित आईआईटी आईएसएम (इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स) में पढ़ रहे इंजीनियरिंग के तीसरे वर्ष के छात्र की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। गुरुवार सुबह उसका शव होस्टल के बाथरूम में पड़ा मिला। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के रहने वाले 21 वर्षीय तन्मय प्रजापति के रूप में हुई है।उधर आईआईटी-आईएसएम के सुरक्षा अधिकारी राम मनोहर ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि तन्मय इंस्टिट्यूट के एक्वामरीन होस्टल की नौवीं मंजिल पर रहता था। उन्होंने बताया, सुबह करीब पौने दस बजे उसका बाथरूम अंदर से बंद मिला। इसके बाद जब उसका दरवाजा तोड़ा गया तो तन्मय बेहोशी की हालत में फर्श पर पड़ा हुआ दिखाई दिया। उसे तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले को लेकर डीएसपी(कानून-व्यवस्था) नौशाद आलम ने कहा कि मौत की वास्तविक वजह की जानकारी पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल सकेगी। उन्होंने कहा, शव को अस्पताल के शवगृह में रख दिया गया है। इंदौर से मृतक के परिजनों के आने के बाद ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

### कोटा मेडिकल कॉलेज के छात्र ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट मिला

**कोटा (एजेंसी)।** कोटा मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस फाइनल ईयर के एक छात्र ने अपने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मृतक के कमरे से एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें उसने लिखा कि वह अपने माता-पिता के सपने पूरे नहीं कर पा रहा है और इसके लिए वह उनसे माफी मांग रहा है। यह घटना बुधवार रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है।

महावीर नगर थाना एएसआई मोहनलाल ने बताया कि मृतक की पहचान सुनील बैरवा (28) निवासी बस्सी, जयपुर के रूप में हुई है। सुनील कोटा मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस फाइनल ईयर का छात्र था। बुधवार को दिनभर हॉस्टल कैंपस में न दिखने पर उसके साथियों ने रात को उसके कमरे में जाकर देखा तो वह फंदे से लटका हुआ मिला।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद मृतक के परिजनों को सूचित किया गया। पुलिस का कहना है कि परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। इस घटना के बाद कॉलेज कैंपस में शोक की लहर दौड़ गई है।

# हमें लोक कल्याण की भावना को लेकर कार्य करना चाहिए : भागवत



**एजेंसी**

**पटना/सुपौल ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने गुरुवार को बिहार के सुपौल जिले के वीरपुर में सरस्वती विद्या मंदिर के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमें लोक कल्याण की भावना को लेकर कार्य करना चाहिए। कार्य की सफलता के लिए पुरुषार्थ करना होगा।

डॉ. भागवत ने कहा कि किसी भी कार्य की सफलता के लिए विविध प्रयास करने पड़ते हैं। भाग्य को अनुकूल बनाने के लिए हमें योग्य कर्ता बनाना होगा। विद्या भारती समाज की सहायता से देशभर में 21 हजार विद्यालय संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि मैं सबका पेट भर सकूं इस भावना से विद्या भारती के विद्यालयों में छात्र तैयार किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में शिक्षा को पैसे से गिनने की परंपरा नहीं है। मनुष्य सृष्टि का सबसे बुद्धिमान प्राणी है इसलिए शिक्षा पाने का अधिकार सबको है। शिक्षा मनुष्य को मनुष्य बनाता है। मनुष्य ने काफी प्रगति कर लिया है, मनुष्य सुखी रहे पर्यावरण की हानि ना हो ऐसा कार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी खेती की आवश्यकता है जिससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहे।

# आखिरकार विधानसभा को मिला नेता प्रतिपक्ष

## भाजपा को अब नए प्रदेश अध्यक्ष की तलाश

**चंदन मिश्र**

झारखंड विधानसभा कई मायनों में नया - नया रिकॉर्ड बनाती रही है। 2025 के मार्च महीने के पहले सप्ताह में भाजपा विधायकों ने अपना नेता चुन लिया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज धनवार के विधायक बाबूलाल मरांडी जल्द ही विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी में बैठेंगे। हालांकि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को विधायकों का नेता निर्वाचित करवाने में दिसंबर से मार्च का महीना लग गया। लेकिन देर आयद - दुरुस्त आयद, पार्टी विधायकों ने अपना नेता चुनकर यह काम पूरा कर लिया। भाजपा को अब नए प्रदेश अध्यक्ष की तलाश होगी।

याद कीजिए 2019 से 2023 के झारखंड विधानसभा का कार्यकाल। इतने लंबे कालखंड तक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी खाली रही। भाजपा विधायकों ने अपने नेता के रूप में बाबूलाल मरांडी को चुना, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष रबिंद्र नाथ महतो ने आखिर दम तक उन्हें नेता प्रतिपक्ष की मान्यता देने से इनकार कर दिया। इसके उलट दल बदल का मामला डालकर उनकी सदस्यता को लटकाए रखा। और तो और इस दौरान स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी को सदन में एक शब्द बोलने तक नहीं दिया।

बाबूलाल मरांडी इस बार भाजपा के टिकट से राजधनवार की सीट से जीतकर आए हैं। भाजपा विधायकों ने सर्वसम्मति से उन्हें अपना नेता चुन लिया है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष रबिंद्र राय ने बाबूलाल मरांडी के नेता चुने जाने के बाद दोनों केंद्रीय पर्यवेक्षकों के हस्ताक्षरित पत्र विधानसभा अध्यक्ष रबिंद्र नाथ महतो को गुरुवार देर शाम तक हस्तगत करा दिया। उम्मीद है कि शुक्रवार को विधानसभा से इस आशय की अधिसूचना जारी हो जाएगी और बाबूलाल मरांडी नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी पर भी बिराजेंगे। बाबूलाल मरांडी को विधायक दल नेता चुनकर भाजपा नेतृत्व ने झारखंड का एक चैप्टर पूरा कर लिया।

बाबूलाल मरांडी नया प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव होने के बाद अध्यक्ष का पद छोड़ देंगे। भाजपा नेतृत्व नए प्रदेश के चुनाव की कवायद शुरू कर चुकी है। विधायक दल का नेता आदिवासी होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष गैर आदिवासी समुदाय से होगा, यह बिल्कुल तय है। भाजपा अपने सोशल इंजीनियरिंग के तय फार्मूले के तहत ओबीसी या सवर्ण को नया अध्यक्ष बनाना चाहेगी। झारखंड में कुर्मी सबसे बड़ा वोट बैंक है और भाजपा इस फ्रंट पर अब तक आजसू पार्टी पर निर्भर रही है। लेकिन विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा का यह आधार और विश्वास भी बिखर गया। जयराम महतो ने कुर्मी वोट बैंक पर जबरदस्त सेंधमारी कर भाजपा और आजसू पार्टी को इस बार परास्त कर दिया। विधानसभा चुनाव में भाजपा और आजसू पार्टी को झामुमो और कांग्रेस से ज्यादा जयराम महतो की पार्टी ने नुकसान पहुंचाया है। भाजपा इस फ्रंट पर मजबूती लाने के लिए कुछ नया सोच सकती है। संभव है कि कोई नया चेहरा इस पद पर बैठ सकती है। वैसे बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता चुनकर भाजपा ने एक बड़ा दांव खेला है। बाबूलाल मरांडी सत्ताधारी झामुमो पर लगातार हमलावर रहे हैं और अगले पांच साल तक सदन के अंदर और बाहर कड़े तेवर के साथ पेश आयेंगे, इसमें कोई संदेह नहीं है। देखना है कि अब झारखंड की राजनीति किस करवट बैठती है।

# बेटे की बारात में जमकर नाचे शिवराज, सिंधिया भी झूमे





**एजेंसी**

**जोधपुर ।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय और उद्यमी अनुपम बंसल की पुत्री अमानत आज शाम शादी के बंधन में बंध गए। गोधूलि वेला में शाम को उम्मेद भवन पैलेस में फेरे हुए। तीन दिन से चल रहे इस जलसे में आज कई वीवीआईपी मेहमानों ने भी शिरकत की, जिसमें मध्यप्रदेश और राजस्थान भाजपा के कई बड़े नेता शामिल रहे। गुरुवार शाम कार्तिकेय की बारात निकली, जिसमें शिवराज सिंह चौहान जमकर नाचे। उनके साथ छोटे बेटे कुणाल भी खूब थिरके। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी उनके साथ बारात में डांस किया।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्तिकेय की बारात आज शाम उम्मेद भवन पैलेस के लांसर लॉन से रवाना हुई।

# मंईयां योजना पर उठे सवाल, कांग्रेस विधायक ने अपनी ही सरकार को घेरा

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान गढ़वा से भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने विधवा, दिव्यांग, रसोईयां और स्वास्थ्य सहियाओं को भी मंईयां योजना का लाभ देने की मांग उठाई।मामले पर जवाब देते हुए मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि मंईयां योजना का उद्देश्य पीढ़ी दर पीढ़ी सुधार लाना है और इसे विधवा या वृद्धा पेंशन से तुलना नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से कुपोषण की रोकथाम, बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार तथा पलायन पर नियंत्रण संभव हो रहा है।चमरा लिंडा ने उदाहरण देते हुए कहा कि आदिवासियों में कुपोषणा का मामला अधिक है। मंईयां योजना के पैसे से मां और बच्चे दोनों के कुपोषण को रोका जा सकेगा। वहीं स्वास्थ्य पर बात करते हुए कहा कि मां के पास पैसा होगा तो वो अपने बच्चों का इलाज करा पायेगी। एजुकेशन पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि अगर एक मां अपने बच्चे को पढ़ाना चाहती है तो यह तभी संभव है, जब उसके पास पैसा होगा।चमरा लिंडा ने कहा कि मंईयां योजना के पैसे से पीढ़ी दर पीढ़ी को बेहतर करने वाली योजना है। इस योजना से राज्य में व्यापक परिवर्तन आयेगा। आने वाले कल में झारखंड से गरीबी, कुपोषण और स्वास्थ्य बेतहर होगा। विधवा या वृद्धा पेंशन एकल योजना है। लेकिन मंईयां योजना का पैसा पूरे समाज के लिए है। एक महिला अगर बेहतर होगी तो पूरा समाज बेहतर होगा, लेकिन एक पुरुष बेहतर होता तो सिर्फ उसका घर बेहतर होता है।

### रसोईयां और स्वास्थ्य सहियाओं के साथ भेदभाव का आरोप

भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने सदन में सवाल उठाया कि रसोईयां और स्वास्थ्य सहियाओं को कम जबकि बिना काम करने वाली महिलाओं को अधिक लाभ क्यों दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस असमानता के कारण महिलाओं में विवाद उत्पन्न हो रहा है। भाजपा विधायक के सवालों का समर्थन करते हुए सत्ता पक्ष के कांग्रेस विधायक रामेश्वर उरांव ने भी अपनी ही सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि सैलरी काम के आधार पर और पेंशन प्रोत्साहन के लिए दी जाती है, लेकिन मंईयां योजना में बिना काम करने वाली महिलाओं को 2500 रुपये और काम करने वाली महिलाओं को कम राशि मिलना अनुचित है। उन्होंने सरकार से इस नीति पर पुनर्विचार करने की मांग की।



## विधानसभाः सदन में जन्म प्रमाण पत्र, सहारा इंडिया और दिव्यांगों के पेंशन का उठा मामला

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए, जिनमें जन्म प्रमाण पत्र, दिव्यांग पेंशन, सहारा इंडिया के निवेशकों की समस्या और किसानों से धान खरीद में कटौती जैसे विषय शामिल रहे। विधायक धनंजय सोरेन ने साहेबगंज जिले के बोरियो विधानसभा क्षेत्र में जन्म प्रमाण पत्र बनने में हो रही देरी का मामला उठाया। इस पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि उन्होंने साहेबगंज के डीसी से बात कर अविलंब लंबित जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने और इसे लंबित रखे जाने का कारण पता करने को कहा है। डीसी ने एक सप्ताह में ऐसे सभी लंबित प्रमाण पत्र को निर्गत किये जाने का भरोसा दिया है। इस पर विधायक धनंजय ने पूछा कि सरकार जन्म प्रमाण पत्र नियत समय पर निर्गत कराने की व्यवस्था करे। इस पर राधाकृष्ण ने कहा कि राइट टू सर्विस का प्रावधान पहले से तय है। निर्धारित समय पर सभी तरह के कार्य होते हैं। इस पर विधायक उमाकांत रजक ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि अगर राइट टू सर्विस का प्रावधान धरातल पर लागू होता तो ऐसी स्थिति ही नहीं आती।

### दिव्यांगों के लिए पेंशन के लंबित होने का मामला उठाया

विधायक शत्रुघ्न महतो ने राज्य में चार माह से दिव्यांगों के लिए पेंशन के लंबित होने का मामला उठाया। साथ ही उन्हें 1000 रुपया की बजाय कम से कम 2500 रुपए दिये जाने की मांग की। इस पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि वे पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ, ओड़िशा और मध्य प्रदेश में किये गये प्रावधानों को देखेंगे। इस पर नवीन जायसवाल ने हस्तक्षेप करते कहा कि आखिर सभी वर्ग के जरूरतमंद को एक समान ही क्यों नहीं 2500 रुपए क्यों नहीं दे रही। सरकार हां या ना में बताए। इस पर राधाकृष्ण ने कहा कि केंद्र हमें एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए दिये जाएं तो हम आगे बढ़ेंगे। इस पर विधायक नवीन जायसवाल, राज सिन्हा, नीरा यादव सहित भाजपा विधायक वेल में आ गये और सदन से निकल गए। हालांकि जदयू विधायक सरयू राय, लोजपा (आर) विधायक जनार्दन पासवान और आजसू पार्टी के निर्मल (तिवारी महतो) अपनी जगह पर बने रहे।

### भाजपा विधायकों की अनुपस्थिति के बावजूद चला सदन

भाजपा विधायकों की अनुपस्थिति के बावजूद सत्र संचालित होता रहा। कई सवाल जवाब हुए। कांके विधायक ने बीएयू, कांके में लंबे समय से कार्यरत श्रमिकों को सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के आधार पर नियमित करने की मांग रखी। मंत्री शिल्पी नेहा ने इस पर कहा कि सृजित पदों के विरूद्ध कार्यरत कर्मियों को ही नियमित किया जा सकता है, अन्य केस में नहीं। इसके बाद शून्यकाल के प्रश्न लिए गये।

### सहारा के निवेशकों के लिए झारखंड सरकार संवेदनशील

सदन में झारखंड के वैसे निवेशकों का भी मसला उठा, जिन्होंने सहारा इंडिया में निवेश किया था पर पैसे अबतक नहीं मिले। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने इस संबंध में बात उठाते कहा कि सरकार पोर्टल ऐसा बनाए जिस पर निवेशक अपने निवेश की जानकारी और उससे संबंधित स्थिति देख सकें। इस पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि वर्ष 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण जजमेंट दिया था। इसके बाद झारखंड सरकार ने वर्ष 2023 से जनवरी 2025 तक कई बार सेंट्रल रजिस्ट्रार ऑफ सोसाइटी को पत्र लिखा है पर कोई रिस्पांस नहीं मिला। अब सरकार कुछ अधिकारियों (एक या दो) को जवाबदेही दी जायेगी कि वे इससे संबंधित विस्तृत सूचना जुटाएं। इसके बाद कृषि विभाग की ओर से विभागीय मंत्री शिल्पी नेहा ने 31 मार्च 2026 को समाप्त होनेवाले वर्ष के भीतर भुगतान के दौरान जो व्यय होगा, उसकी पूर्ति के लिए 24 अरब 21 लाख 08 लाख 16 हजार रुपए से अनाधिक राशि प्रदान करने की मांग सदन के पटल पर रखी, जिसे स्वीकृत कर लिया गया।

### किसानों से धान खरीद के समय 10 प्रतिशत की कटौती का मामला उठा

वहीं विधायक हेमलाल मुर्मू ने राज्य के किसानों से धान खरीद के समय 10 प्रतिशत की कटौती किये जाने का मामला उठाया। इस पर खाद्य आपूर्ति मंत्री इरफान अंसारी ने केंद्र सरकार के निर्धारित प्रावधानों का हवाला देते बताया कि धान की नमी, गुणवत्ता के आधार पर धान की खरीद होती है।

### राज्य जनजातीय आयोग का गठन का मामला उठा

विधायक राजेश कच्छप ने राज्य में राज्य जनजातीय आयोग का गठन किये जाने संबंधी मामला उठाया। इस पर मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि अगले तीन माह के भीतर इसकी प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। विधानसभा के अगले सत्र से पूर्व यह आयोग अस्तित्व में होगा।

### नहर का विस्तार कर बढाया जाए दो गांवों तक

विधायक ने कहा कि भैरवी जलाशय योजना के तहत बन रहे नहर की सिंचाई क्षेत्र को बारियातू और साढू गांव तक किया जाए। ताकि इन दोनों गवों के किसानों को नहर का लाभ मिल सके। वहीं विधायक प्रदीप यादव ने आसन का ध्यान विपक्ष की सीट की ओर दिलाते हुए कहा कि कृषि जैसे महत्वुपूर्ण मामले पर चर्चा होनी है और विपक्ष वॉक आउट का बहाना बनाकर अनुपस्थित है।

## सभी दलों को करना होगा किसानों के लिए काम : मथुरा

**रांची संवाददाता ।** बजट सत्र के दौरान गुरुवार को झामुमो विधायक मथुरा महतो ने कृषि विभाग पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि सभी दलों को दलगत भावना से उपर उठकर राज्य के किसानों के हित में काम करना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों के लिए ऋण माफी और किसान क्रेडिट कार्ड जैसी कई योजनाएं शुरू की है। इसका लाभ राज्य के किसानों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में आलू की खेती की अपार संभावनाएं हैं और यहां के किसान मेहनत कर आलू की अच्छी पैदवार कर रहे हैं। बावजूद इसके हम आलू की पैदवार में राष्ट्रीय औसत के मामले में 21.5 प्रतिशत पीछे हैं। उन्होंने बताया कि पिठोरिया में जैविक खेती के माध्यम से आलू की बेहतरीन तरीके से खेती की जा रही है। इसी तर्ज पर राज्य के अन्य हिस्सों में आलू की पैदवार करने की जरूरत है।

### तालाब और डीप बोरिंग का अधिक हो आवंटन : ममता

कांग्रेस की विधायक ममता देवी ने कहा कि उनके क्षेत्र में तालाब गहरीकरण और डीप बोरिंग की अपेक्षा के अनुरूप आवंटन नहीं हुआ है। इसलिए राज्य सरकार किसान हित में इसके आवंटन में वृद्धि करे। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में कई किसानों को वर्ष 2018 में किसान फसल बीमा की राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। उन्होंने इसके लिए कृषि मंत्री से जल्द भुगतान कराने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने कोल्ड स्टोरेज के निर्माण के लिए विधायकों की अनुसंशा को जरूरी करने की भी मांग की। विधायक में गोला में बाजार के भवन के निर्माण में हो रही दिक्कत को देखते हुए मंत्री से क्षेत्र का भ्रमण करने का आग्रह किया। इसके अलावा विधायक ने गोला और दुलमी में 5000 एमटी क्षमता का कोल्ड स्टोरेज बनाने की मांग की।

## पलामू में 24 घंटे तीन हादसे, अबतक चार की गई जान

**पलामू संवाददाता ।** पलामू जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान तीन सड़क हादसे हुए, जिसमें चार लोगों की अब तक मौत हो गई है। आधा दर्जन से अधिक जख्मी हैं। सबका इलाज किया जा रहा है। पांकी के बाद चैनपुर और मनातू थाना क्षेत्र में घटनाएं हुई हैं। सबसे अधिक पांकी थाना क्षेत्र में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों भाई थे। जबकि चैनपुर और मनातू थाना क्षेत्र में एक-एक की मौत हुई है। मनातू में नाबालिग बच्चा बाइक चला रहा था। उसे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। नाबालिग अपनी बहन को ससुराल छोड़कर घर लौट रहा था, जबकि चैनपुर में दो बाइक के बीच टक्कर हुई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई और चार जख्मी हो गए।

### दो बाइक में जोरदार टक्कर, एक की मौत-चार गंभीर

चैनपुर थाना क्षेत्र के डालटनगंज-गढवा मुख्य मार्ग पर गांधीपुर में गुरूवार को दो बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गयी, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि चार सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी को बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। मृत युवक की पहचान मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज के बीएन कॉलेज न्यू एरिया निवासी विनोद कुमार का पुत्र रविरंजन कुमार के रूप में हुई है। घायलों में हमीदगंज बीएन कॉलेज रोड निवासी धर्मेन्द्र वैद का पुत्र 20 वर्षीय अंकित कुमार, वीरेन्द्र यादव का पुत्र 18 वर्षीय विशाल कुमार, हाउसिंग कॉलोनी के संजय राम के पुत्र 25 वर्षीय विवेक कुमार एवं आबादगंज के विलाश राम का पुत्र 28 वर्षीय अमित कुमार शामिल हैं। घटना की सूचना मिलने पर एमआरएमसीएच की पुलिस चौकी के एएसआई नीरज कुमार और जवान महेन्द्र कुमार और विकास कुमार ने घायलों का बयान लिया।

**बहन को ससुराल छोड़कर आ रहे भाई की बाइक में ट्रैक्टर ने मारी टक्कर मौत** मनातू थाना क्षेत्र के कार्तिक उरांव प्लस टू हाई स्कूल के समीप एक ट्रैक्टर ने पीछे से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही बाइक चालक की मौत हो गई।

## शहर में 100 सिटी बसें दौड़ेंगी, 150 करोड़ रुपये होंगे खर्च

**रांची संवाददाता।** झारखंड सरकार के साथ मिलकर टाटा स्टील और जिला प्रशासन शहर में परिवहन व्यवस्था को बदलने के मिशन पर काम कर रहा है।इसके लिए शहर में 100 सिटी बसों का परिचालन किया जाएगा। इसमें 150 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके तहत पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को भी दुरुस्त किया जाएगा। प्रदूषण कम करने के लिए वाहनों की संख्या को कम करने पर काम किया जाएगा। इससे कांड्रा से टाटानगर और गोविंदपुर से पटमदा तक आवागमन सुगम हो जाएगा। लो फ्लोर सीएनजी व एसी बस सर्विस जमशेदपुर, मानगो और जुगसलाई के नगर निकायों के माध्यम से संचालित करने का लक्ष्य है। हालांकि, इसके लिए 250 बसों की जरूरत होगी। जेएनएसी की ओर से एस्टीमेंट तैयार कर लिया गया है। पूरी रिपोर्ट जल्द ही नगर विकास विभाग को भेजी जाएगी। मिशन के तहत शहर में बस सेवाओं को बेहतर किया जाएगा। वर्तमान में कई इलाके हैं, जहां पहले बस सेवाएं थीं, लेकिन वर्तमान में बसें नहीं चलती हैं। उन क्षेत्रों में बस सेवा बेहतर की जाएगी।15वें वित्त आयोग की सिफारिश के मुताबिक नगर निकायों ने बीआईटी मेसरा के साथ एमओयू किया है। इसके तहत कारकों की तलाश की गई, जिसके कारण प्रदूषण फैलता है। इनमें वाहनों से फैलने वाले प्रदूषण को प्रमुख कारक माना गया। यह भी पाया गया कि प्रदूषण फैलाने वाले वाहन सड़कों पर ज्यादा हैं। बसों और ऑटो के अलावा परिवहन की अन्य जनसुविधाएं कम हैं। इस कारण लोग निजी गाड़ियों और तीन पहिया वाहनों का इस्तेमाल ज्यादा करते हैं।लंबी दूरी की बसों का स्टैंड मानगो डिमना चौक के पास बनाया जाएगा। यहां मॉडल बस स्टैंड बनेगा। इससे शहर में बड़ी गाड़ियों की इंट्री काफी हद तक कम हो जाएगी।

## दुष्कर्म व हत्या मामले में अपराधी की शीघ्र गिरफ्तारी को लेकर सांसद नलिन सोरेन से की ग्रामीणों ने मांग

**दुमका संवाददाता ।** फिटकोरिया गांव के ग्रामीणों ने दुमका सांसद नलिन सोरेन से गुरुवार को मिलकर दुष्कर्म व हत्या मामले में आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। सांसद ने पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार से दुरभाष में बात कर घटना की जानकारी लेते हुए आरोपी की गिरफ्तारी का निर्देश दिया है। बाद में ग्रामीणों ने गांव में बैठक कर इस जघन्य अपराध को लेकर चर्चा की , जिसमें अपने स्तर से पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की भी बात रखी। सभी ने मृतका के पति मनोज राय को मृतका अर्चना देवी के श्राद्ध कर्म को सामुहिक सहयोग से करने का आश्वासन दिया। बैठक में सभी सामाजिक कार्यकर्ता व ग्रामीणों ने अपने- अपने विचार रखते हुए अपने गांव समाज को



जागरूक करने के लिए बात रखी, ताकि इस तरह के जघन्य अपराध को रोका जा सके। बैठक में कहा गया कि दुष्कर्म व हत्या मामले में किसी के पास कुछ भी जानकारी है तो ग्राम प्रधान के माध्यम से पुलिस को जानकारी दे7 जानकारी के अनुसार फिटकोरिया नदी में इससे पहले भी वर्ष 2022 में भंवरपाथर गांव के जलू राय के बेटा बिष्णु राय की हत्या कर दी गयी थी। अब पुनः तीन साल के बाद अर्चना देवी का दुष्कर्म कर हत्या को लेकर लोगों के ज़ेहन में भय होना लाजमी है। हालांकि अब पुलिस प्रशासन ने दुष्कर्म व हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तफ़्तीश तेज़ कर दी है।

## रेलवे रूट में बदलाव : कई ट्रेनों के मार्ग बदले गए

**देवघर।** पश्चिम मध्य रेलवे पर झालवाड़ा-कटंगी खुर्द कॉर्ड लाइन में कटंगी खुर्द स्टेशन पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है। यात्रियों को असुविधा से बचाने के लिए रेलवे प्रशासन ने ट्रेनों को वैकल्पिक मार्गों से संचालित करने का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों के मार्ग में हुआ बदलावः19414 कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस 08 मार्च 2025 की यात्रा,19608 मदार जंक्शन-कोलकाता एक्सप्रेस 10 मार्च 2025 की यात्रा,13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस 10 मार्च 2025 की यात्रा इन ट्रेनों के मार्ग में हुआ बदलाव हुआ है। अब ये ट्रेनें गढ़वा रोड - सोन नगर - पंडित दीन दयाल उपाध्याय - प्रयागराज छिवकी - सतना - कटनी मुड़वारा मार्ग से संचालित की जाएंगी।

## रेलवे स्टेशनों में संताली भाषा के ओलचिकी लिपि से नामपट्ट अंकित एवं उदघोषणा




सेंगेल का प्रेस-विज्ञप्ति/बोकारो/06.3.2025

राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त संताली भाषा (8 वीं आनूसूची में शामिल आदिवासी भाषा) में रेलवे स्टेशनों में संताली भाषा के ओलचिकी लिपि से नामपट्ट अंकित एवं उदघोषणा के संबंध : आज 6.3.2025 को आदिवासी सेंगेल अभियान की तरफ से बोकारो सेंगेल जिला अध्यक्ष सह बोकारो जोनल हेड सुखदेव मुर्मू के नेतृत्व में संताली भाषा के ओलचिकी लिपि से रेलवे स्टेशनों में नामपट्ट (Sign Board) अंकित और उदघोषणा के लिए बोकारो स्टील सिटी स्टेशन मैनेजर अजय कुमार हालदर के मार्फत आद्रा रेलवे मंडल प्रबंधक के नाम ज्ञापन पत्र सुपूर्द किया। बोकारो सेंगेल जिला अध्यक्ष सह बोकारो जोनल हेड सुखदेव मुर्मू ने कहा कि झारखंड राज्य के बोकारो जिला के आद्रा जोन के शेष रेलवे स्टेशन बोकारो स्टील सिटी,तुपकाडीह और राधागांव स्टेशन के इर्द गिर्द क्षेत्रों में संताली भाषा-भाषी प्रेमी लोगों का निवास है। अतःआपसे आग्रह है कि इन रेलवे स्टेशनों में संताली भाषा के ओलचिकी लिपि से रेलवे स्टेशन में नामपट्ट अंकित किया जाए एवं संताली भाषा से उदघोषणा (अनाउंसमेंट) की व्यवस्था की जाए। इससे संताली भाषा का बढ़ावा और उदघोषणा से जन उपयोगी होगा। संताली भाषा 22 दिसंबर 2003 को आठवीं अनूसूची में शामिल राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त भाषा है। संताली भाषा कि महान उपलब्धि में संताली भाषा मोर्चा का योगदान ऐतिहासिक रहा है। जिसका नेतृत्व सेंगेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने किया था। ज्ञापन पत्र सौंपने वाले का नाम झारखंड प्रदेश संयोजक करमचंद हांसदा,जयराम सोरेन,चास प्रखंड सेंगेल युवा मोर्चा अध्यक्ष कालीचरण किस्कू,सेंगेल महीला मोर्चा महासचिव सविता मरांडी,चंदनकियारी प्रखंड सेंगेल अध्यक्ष राजेश मुर्मू,सेंगेल परगना भुटेल टुडू आदि।

## डबल मर्डर का खुलासा, हत्या के डर से चार आरोपितों ने किया सरेंडर

**पलामू संवाददाता ।** पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के जंगल में हुई दो लोगों की हत्या का खुलासा हो गया है। दो लोगों की हत्या करने वाले चार लोगों ने अपनी हत्या के डर से मनातू थाना में सरेंडर कर दिया, जबकि दो फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने गुरुवार को बताया कि 19 फरवरी को राजखेता टोला के अमवातरी के जंगल में दो व्यक्तियों के शव मिले थे, जिसमें से एक की पहचान चुनका गांव के दिनेश यादव के रूप में हुई थी, जबकि एक मृतक की पहचान अब तक नहीं हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि चतरा जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के फलेन्दा गांव के रहने वाले रामलाल यादव , विकास गंझू , राजगीर गंझू , नौडिहा बाजार के अन्ता गांव के विसम्बर यादव , मनातू के नागद गांव निवासी बसंत सिंह और कुंडीलपुर निवासी ईश्वरी सिंह का अपहरण अफीम के खेत से किया गया था। जांच के दौरान पता लगा कि 17 फरवरी की रात बिपिन यादव, दिनेश यादव और अन्य चार अज्ञात अपराधियों द्वारा छह व्यक्तियों को अफीम के खेत से अपहरण कर बंधक बना लिया था और फिरौती के रूप में पैसे की मांग की जा रही थी। फिरौती नहीं मिलने पर बंधकों को जान से मारने की धमकी दी गई। अपहृत व्यक्तियों ने मौका पाकर दो अपहरणकर्ताओं पर हमला कर उन्हें मार दिया और सभी भाग निकले। दो साथियों की हत्या करने वालों को बिपिन यादव और उसके सहयोगियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

## स्थिरता किसी भी सरकार के विकास की पहली गारंटी : के राजू

**रांची संवाददाता।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के झारखंड प्रभारी बनने के बाद पहली बार के राजू गुरूवार को पलामू पहुंचे। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए के राजू ने कहा कि राज्य में सरकार के स्थायित्व को लेकर किसी को भ्रम में नहीं रहना चाहिए। हमारा रिश्ता जन कल्याणकारी हितों के लिए है और यह रिश्ता अटूट है। उन्होंने कहा कि इलेक्शन लड़ने तक ही राजनीतिक दल का दायित्व नहीं रहता। गुड गवर्नेंस देने का प्रयास किया जा रहा है। पब्लिक इश्यू को सरकार के पास ले जाना है। उन्होंने कहा कि स्थिरता किसी भी सरकार के विकास की पहली गारन्टी है और कांग्रेस का हेमन्त सोरेन को खुला समर्थन प्राप्त है। कांग्रेस के संगठनात्मक क्रियाकलापों की चर्चा करते हुए राजू ने कहा कि विधानसभा परिणाम के बाद पार्टी जनों में उत्साह का माहौल है और इसका लाभ संगठन को मजबूती प्रदान करने में उपयोग किया जाना है। इसी को ध्यान में रख कर वह पलामू सहित अन्य जिलों के दौरे पर निकले हैं। राजू ने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि झारखंड में आधिकारिक तौर पर अनुसूचित जाति (एससी) परामर्श परिषद का गठन किया जाना स्वागत योग्य कदम है, इसके लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं वित्त मंत्री किशोर बधाई के पात्र हैं। अनुसूचित जाति के मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी वर्किंग ग्रुप विकसित करेगी और इसकी रिपोर्ट हम सरकार को सौंपेंगे, ताकि एससी एडवाइजरी काउंसिल को इनपुट मिल सके। इसमें हमारी पार्टी महत्वपूर्ण रोल प्ले करेगी, ताकि बेहतर काउंसिल का गठन हो सके।

### राज्यपाल से की गयी रूफ टॉप बार के संचालन में रांची नगर निगम द्वारा दरकिनार करने की शिकायत

**रांची संवाददाता।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को रांची जिला युवा कांग्रेस कमिटी के पूर्व महासचिव एवं प्रभारी,रांची विधानसभा रोहित सिन्हा ने राज भवन में भेंट की। उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद भी शहर के 33 अवैध बार पर कार्रवाई नहीं करने के संदर्भ में एक ज्ञापन समर्पित किया। इसके माध्यम से कहा गया है कि उच्च न्यायालय ने राजधानी रांची में रूफटॉप में अवैध रूप से चल रहे 33 बार के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश कई महीने पहले रांची नगर निगम एवं उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग को दिया है। लेकिन अवैध बार के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग और रांची नगर निगम के अधिकारियों द्वारा उच्च न्यायालय को गुमराह करते हुए अवैध बार के माध्यम से शराब बेचने वाले संचालकों को सहयोग किया जा रहा है।जबकि बिल्डिंग बायलॉज के अनुसार रूफटॉप में निर्माण और व्यवसाय करना वर्जित है। इसके बावजूद उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के अधिकारियों द्वारा रांची शहर में 36 रूफटॉप में चल रहे बार को लाइसेंस दिया गया। इस मामले में रांची नगर निगम ने भी कोई आपत्ति नहीं करते हुए अवैध बार संचालकों को सहयोग किया है। श्री सिन्हा ने यह भी कहा कि शहर में फुटपाथ पर दुकान चलाने वाले लोगों के दुकानों को तोड़कर उनका सामान नगर निगम के द्वारा जब्त कर लिया जाता है जबकि उच्च न्यायालय द्वारा राजधानी रांची में रूफटॉप पर चल रहे 33 बार को अवैध घोषित कर दिया गया। इसके बावजूद नगर निगम द्वारा न तो बार को सील कर सामान जप्त किया गया है और न ही उस भवन के मालिक के ऊपर कोई केस किया गया है। इसी तरह उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के अधिकारियों द्वारा भी न तो बार का लाइसेंस रद्द किया गया और न ही अवैध बार संचालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई है। कुछ अवैध बार संचालकों को सहयोग पहुंचाने के लिए उत्पाद विभाग और नगर निगम द्वारा कानून में बदलाव करने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे कि उच्च न्यायालय का निर्देश निष्प्रभावी हो जाए और अवैध बार वैध बन जाए। ज्ञापन में कहा गया कि रूफटॉप में व्यवसाय और निर्माण करने की स्वीकृति वाला कानून बन जाएगा तो इससे राज्य के हजारों अपार्टमेंट प्रभावित होंगे। श्री सिन्हा ने रूफटॉप पर अवैध रूप से संचालित बार पर कार्रवाई करने के उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन कराने के लिए उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग और रांची नगर निगम के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने हेतु आग्रह किया।

## सरला बिरला विश्वविद्यालय में नेशनल फार्मेसी एजुकेशन डे के अवसर पर मनाए गए कार्यक्रम




**रांची संवाददाता ।** हमारा देश जेनेरिक दवा की आपूर्ति के मामले में अहम स्थान रखता है। हमने कोविड के दौरान इस दिशा में दुनिया भर में वैक्सीन की सप्लाई की। हाल के वर्षों में कई सरकारी योजनाओं से भी देश में दवाओं के उत्पादन को बढ़ावा मिला और इस दिशा में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए। यह बातें आज स्टेट ड्रग्स कंट्रोल डायरेक्टरेट की निदेशक श्रीमती रितु सहाय ने कहीं। वे आज सरला बिरला विश्वविद्यालय में नेशनल फार्मेसी एजुकेशन डे के अवसर पर मनाए गए कार्यक्रम फार्मा अन्वेषण 2025 के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर बोल रही थी। उन्होंने छात्रों से आधुनिक तकनीकों को उपयोग कर अपना हुनर बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए झारखंड के एकमात्र विवि के तौर पर सरला बिरला विश्वविद्यालय के चयन और इस निमित्त मिलने वाले अनुदान पर विवि के फार्मेसी विभाग को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपस्थित श्रोताओं को डॉक्टर रेड्डी लैब के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. राकेश्वर बंदीछोर, पीसीआई के सेंट्रल काउंसिल मेंबर डॉ. आकाश वेद के अलावा बीआईटी, मेसरा के डिपार्टमेंट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेस के प्रोफेसर डॉ. वी. प्रकाश एवं सैमिरा इनोफार्म के जीएम श्री जय गणेश एएस ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने आंत्रप्रेन्योरशिप में उपलब्ध अवसरों, फार्मेसी की भूमिका और इसके इतिहास पर संक्षेप में प्रकाश डाला। माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन ने शिक्षा के उद्देश्यों पर बात की। उन्होंने दवाओं की आवश्यकता को शिक्षा के मूल सत्व से जोड़ते हुए छात्रों को इसकी जरूरत के विषय में बताया।कार्यक्रम में स्वागत भाषण सरला बिरला विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के इंचार्ज डॉ. शुभ्रजीत मंत्री और धन्यवाद भाषण श्रीमती निशा सिंह ने दिया।

## फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी में फार्मा अन्वेशन 2025 का आयोजन किया गया



**राँची संवाददाता ।** ईरबा स्थित फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी में नेशनल फार्मेसी दिवस के अवसर पर फार्मा अन्वेषण 2025 का आयोजन किया गया जिसमे मुख्या अतिथि के रूप में MEMBER OF EXECUTIVE COMMITTE, फार्मेसी कौंसिल ऑफ़ इंडिया श्री धर्मेन्द्र सिंह, विशिष्ट अतिथि - रजिस्ट्रार कम सेक्रेटरी, झारखण्ड स्टेट फार्मेसी कौंसिल, प्रशांत कुमार पाण्डेय, फाउंडर एंड सीईओ डी सेट कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, बंगलोर चिन्मया मिश्रा, क्वालिटी हेड ज्दुस हेल्थ केयर लिमिटेड,अहमदाबाद गुजरात, रबिन्द्र पात्रा, टीम लीडर फेरिंग लैबोरेट्रीज प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद, रतनाकर सतापाथी, संस्थान के सचिव जीनत कौशर, सोसाइटी मेंबर डॉ नाजनीन कौशर ,निदेशक डॉ शाहीन कौशर मुख्य रूप से उपस्थित थे कार्यक्रम आयोजन द्वीप प्रज्वलित कर व छात्रों द्वारा रंगारग कार्यक्रम कर नेशनल एजुकेशन फार्मेसी दिवस का आगाज किया गया मुख्य अथिति धर्मेन्द्र सिंह ने कहा की इस दिन को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र नायको, फर्माशिष्टों और फार्मेसी पेशावरों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है । मौके पर मुख्य रूप से प्राचार्या डॉ0 संजीब कुमार कर, आशुतोष बेहेरा, मजहर अंसारी, पवन कुमार, डॉ0 मंजर आलम, रचना भारती, ज्योति कंचन, सत्यजीत मोहन्ती आदि उपस्थित थे ।

## महिला दिवस पर पारस हॉस्पिटल में निःशुल्क परामर्श आठ से 12 मार्च तक



**रांची संवादाता ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर धुर्वा स्थित पारस हॉस्पिटल, एचईसी में महिलाओं के लिए आठ से 12 मार्च तक निःशुल्क डॉक्टर परामर्श दिया जाएगा। यह परामर्श सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक दिया जाएगा। सभी विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा महिलाओं को निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा। इस पहल के तहत, निश्शुल्क डॉक्टर परामर्श लेने के बाद ओपीडी की जांच पर 50त्न की छूट और हेल्थ पैकेज पर भी 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके अलावा, विशेष जानकारी के लिए आप 7282010101 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। पारस हॉस्पिटल के जोनल हेड श्रीकांत सुबुद्धि ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर पारस हॉस्पिटल ने एक पहल की है, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए निःशुल्क डॉक्टर्स परामर्श दिया जाएगा। महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच करवाना जरूरी है, खासकर हार्मोनल संतुलन, हृदय स्वास्थ्य, हड्डियों की मजबूती और मधुमेह जैसी बीमारियों की जांच के लिए। महिला दिवस पर महिलाएं खुद से यह वादा करें कि अपनी सेहत को प्राथमिकता देंगे। पारस हॉस्पिटल एचईसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इस खास मौके पर महिलाओं के सम्मान में पारस हॉस्पिटल निश्शुल्क डॉक्टर परामर्श उपलब्ध करा रहा है। यह एक बेहतरीन अवसर है, जहां महिलाएं अपने स्वास्थ्य की देखभाल करवा सकती हैं और विभिन्न जांचों एवं पैकेजों पर छूट का लाभ उठा सकती हैं।

## शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एकलव्य विद्यालयों में नामांकन हेतु प्रवेश पत्र का वितरण शुरू

**साहिबगंज** -जिला में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय एवं अन्य आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए वर्ग 6, 7 एवं 8 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है. इस परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र का वितरण 5 मार्च 2025 से जिला कल्याण कार्यालय साहिबगंज द्वारा संबंधित विद्यालयों को हस्तगत करा दिया गया है.परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक संबंधित विद्यालयों से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं.छात्रों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे अपनी परीक्षा से पूर्व प्रवेश पत्र प्राप्त कर लें.यदि कोई छात्र प्रवेश पत्र प्राप्त करने से वंचित रह जाते है तो परीक्षा तिथि के दिन 09 मार्च 2025 को संध्या महाविद्यालय, साहिबगंज परीक्षा केंद्र पर सुबह 07 बजे से प्रवेश पत्र का वितरण किया जाएगा. जिला कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार दास ने बताया कि सभी अभिभावक एवं छात्र समय पर अपने प्रवेश पत्र प्राप्त कर लें. ताकि परीक्षा में किसी प्रकार की असुविधा न हो.परीक्षा केंद्र पर बिना प्रवेश पत्र के किसी भी छात्र को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

## बैठक मे डीसी ने की सिंचाई योजनाओं की समीक्षा



साहिबगंज -जिला समाहरणालय परिसर स्थित डीसी के कार्यालय प्रकोष्ठ में सिंचाई अंचल संख्या एक बरहेट के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में हुई.बैठक में गुमानी बैराज योजना सहित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की.बैठक डीसी ने गुमानी बैराज योजना के तहत सैडल डाइक के बाएं छोर से मोरंग नदी तक बाएं एफ्लक्स बंड/पोंडिंग बंड के निर्माण कार्य, दाएं एवं बाएं एफ्लक्स बंड पर पीसीसी सड़क निर्माण और बरमसिया गांव के पास भूमि अधिग्रहण कार्यों की समीक्षा की. साथ ही उन्होंने बरहेट ब्लॉक के सरजामधुटू, कुसमा ,लखनटोला, हाटपारा सहित अन्य स्थानों पर कटाव निरोधक कार्यों की प्रगति की जानकारी ली.डीसी ने सभी योजनाओं को समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बरती जाए और भूमि अधिग्रहण संबंधी कार्यों में तेजी लाई जाए.बैठक में कार्यपालक अभियंता प्रेम कुमार सोरेन सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे.

## विधायक ने सदन में की राजमहल रेलवे स्टेशन से ही ट्रेनों का परिचालन कराने की मांग

साहिबगंज -राजमहल विधानसभा के विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने सदन की कार्यवाही में मामला उठाते हुए कहा कि तीनपहाड़ से बर्द्धमान तक चलने वाली पैसेंजर ट्रेन एवं बरहरवा से अजीमगंज तक चलने वाली पैसेंजर ट्रेन का परिचालन राजमहल रेलवे स्टेशन से किया जाए. उन्होंने सदन को अवगत कराया है कि राजमहल रेलवे स्टेशन जिसका क्षेत्रफल और आबादी काफी बड़ा है. यहां एकमात्र टीआर पैसेंजर ट्रेन जो राजमहल - तीनपहाड़ के बीच फेरीसेवा परिचालित है. यात्रियों को यात्रा करने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. दोनों ही ट्रेन का राजमहल से परिचालन होने पर लाखों की आबादी इससे लाभान्वित होंगे. सदन के माध्यम से विधायक के मांग पर सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा गया है कि यह प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जाएगा.

## लघु सिंचाई योजनाओं की समीक्षा बैठक मे डीसी ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

साहिबगंज -जिला समाहरणालय स्थित डीसी ने अपने कार्यालय कक्ष में लघु सिंचाई प्रमण्डल, साहिबगंज एवं गंगा पम्प नहर प्रमंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की. बैठक में वर्ष 2024-25 की योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए डीसी ने विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.उन्होंने योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने की बात कही.बैठक में सहायक अभियंता चेतन कुमार, कनीय अभियंता रामाशंकर सहित संबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे.

## पुलिस क्लब में चापाकल ठीक करने को लेकर नप को दिया आवेदन

साहिबगंज -पुलिस ऑफिसर क्लब पुलिस केंद्र साहिबगंज में खराब पड़े चापाकल को ठीक करने के मामले को लेकर झारखंड पुलिस एसोसिएशन शाखा साहिबगंज के सचिव वीरेंद्र ने नगर परिषद साहिबगंज को आवेदन सौंपा.सौंपे गये आवेदन में लिखा है कि पुलिस ऑफिसर क्लब का चापाकल कई महीनो से खराब पड़ा है. पानी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पुलिस पदाधिकारी को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. इसलिए खराब पड़े चापाकल को जल्द से जल्द मरम्मत करने की दिशा में कार्य करने की जरूरत है.

## महिलाओं को हर्बल गुलाल बनाने का दिया गया प्रशिक्षण



**साहिबगंज** -होली आगमन को लेकर गुरुवार को पलाश जेएसएलपीएस के द्वारा जिला कार्यालय सभागार में हर्बल गुलाल बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रशिक्षण में साहिबगंज जिले के सभी प्रखंडों से सखी मंडल की कुल 25 दीदियों ने भाग लिया.प्रशिक्षण के दौरान दीदियों को पलाश के फूल, गेंदा फूल, बीटरूट, पालक पत्ता तथा अन्य प्राकृतिक उत्पादों से हर्बल गुलाल बनाने की विधि सिखाई गई. प्रशिक्षकों ने दीदियों को रसायन मुक्त, सुरक्षित एवं पर्यावरण के अनुकूल हर्बल गुलाल तैयार करने की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से बताया.प्रशिक्षण के अंत में जिला कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा सखी मंडल की दीदियों द्वारा निर्मित पलाश हर्बल गुलाल का अनावरण किया.इस पहल का मुख्य उद्देश्य दीदियों को स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना एवं प्राकृतिक उत्पादों को बढ़ावा देना है.

# गव्य विकास कार्यालय के निरीक्षण के दौरान डीसी ने अनियमितताओं पर लगाई फटकार

**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**

**साहिबगंज ।** डीसी हेमंत सती ने गुरुवार को जिला गव्य विकास कार्यालय का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान विभाग में कई अनियमितताएं पाई गईं.जिस पर डीसी ने कड़ी नाराजगी जाहिर की दरअसल गव्य व्यापारी द्वारा डीसी कार्यालय में एक संचिका प्रस्तुत की गई थी.जिसमें गाय वितरण के उपरांत भुगतान नहीं होने एवं अन्य अनियमितताओं की शिकायत की गई थी. इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डुसी ने बिना देर किए गव्य विकास कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे.निरीक्षण के दौरान डीसी ने लाभुकों को गाय वितरण से संबंधित संचिकाओं की गहन जांच की. इस दौरान उन्होंने ने लाभुकों को फोन कर गाय प्राप्ति की स्थिति, पशु के स्वास्थ्य एवं दूध उत्पादन की



जानकारी ली. कई लाभुकों द्वारा पशु प्राप्ति में देरी एवं गाय के स्वास्थ्य को लेकर नकारात्मक बातें बताई. जिस पर उन्होंने ने गव्य विकास पदाधिकारी को संबंधित व्यापारी के भुगतान में कटौती करने के निर्देश दिए. और गव्य विकास पदाधिकारी को गव्य व्यापारी द्वारा संचिका सीधे डीसी कार्यालय में प्रस्तुत करने के मामले को गंभीर मानते हुए कड़ी फटकार लगाई. साथ ही पदाधिकारी पर आरोप पत्र गठित करने एवं प्रधान लिपिक से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया.

निरीक्षण के दौरान डुसी ने कोरंटाइन में रखे गए गायों का भी देखे. पशुओं के स्वास्थ्य एवं रखरखाव की स्थिति को लेकर संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए.इसके अलावे मिट्टी जांच प्रयोगशाला कार्यालय, कृषि कार्यालय, भूमि संरक्षण कार्यालय एवं उद्यान कार्यालय का भी निरीक्षण किया.मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला मत्स्य पदाधिकारी संतलाल प्रसाद, योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण भोक्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

## महिला ने थाना मे दर्ज कराई दहेज प्रताड़ना व मारपीट मामले की शिकायत

**उधवा**-राधानगर थाना पुलिस ने दहेज प्रताड़ना एवं मारपीट मामले को लेकर तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है. पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के कटहलबाड़ी मदीया गांव की जोनाकी खातून ने थाना पुलिस से दहेज प्रताड़ना एवं मारपीट मामले को लेकर शिकायत दर्ज कराई है. जिसमे पीड़िता ने बताई है कि बीते दो वर्ष पूर्व उसकी शादी पश्चिम प्राणपुर गांव में अंसार शेख के साथ हुई थी उसके पिता दहेज के रूप में 1.50 लाख रुपए ,घरेलू सामान व जेवरात देकर घर से विदा किया था.शादी के छह महीने तक दोनों का दाम्पत्य जीवन ठीक ठाक चला. इसके बाद उसके ससुराल वालों ने दहेज के रूप में 5 लाख की मांग करने लगे. उसके ससुराल वाले ने उसके पति को दहेज के लिए उकसाने लगे.दहेज को लेकर विरोध करने पर अंसार शेख, सेनाऊल शेख व रूबेदा बीबी ने शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे. बीते 5 जनवरी को पीड़िता खाना खाकर अपने कमरे में सो रही थी.सभी आरोपित कमरे के अंदर घुसकर मारपीट किया और जान मारने की नियत से गला दबाने लगा. सभी आरोपित हमे घर से बाहर निकाल दिया. और कहा कि जब तक दहेज के रूप में पांच लाख नही दोगी तब तक घर में घुसने नही देंगे. वही पुलिस ने पीड़िता के बयान पर तीन लोगों के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना और मारपीट को लेकर कांड संख्या 69/25 दर्ज की है. पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है.

## नाले की सफाई मे नप ने लगाया मिनी पोकलेन



साहिबगंज - साहिबगंज नगर परिषद के द्वारा नाली की सफाई व कुड़े का उठाव सफाई कर्मचारियों के माध्यम से कराया जा रहा था.लेकिन अब नगर परिषद के द्वारा ज्यादा जाम पड़े नाली की सफाई कार्य मे मिनी पोकलेन को लगाया गया है.दो दिनो से मिनी पोकलेन मशीन कब्रिस्तान से गोड़ाबाड़ी हाट तक स्टोन के डस्ट से भरे पड़े नाली की सफाई कार्य मे लगे है.लोगो ने बताया कि एक दिन मे मिनी पोकलेन मशीन ने जितनी नाले से कचड़ा बाहर निकाला उतने कार्य करने मे पांच सफाई कर्मचारियों को 10.दिन लग जाते.

## गाली गलौज एवं मारपीट के मामले में पीड़ित व्यक्ति ने थाने में दिया आवेदन



साहिबगंज - मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सकरीगली समदा सीज में मारपीट व गाली गलौज करने को पीड़ित व्यक्ति ने थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है.पिड़ित ने हरेराम यादव,अवध यादव, पार्वती देवी, निशा कुमारी पर गाली गलौज एवं मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मुफस्सिल थाने में आवेदन दिया.आवेदन में हरे राम यादव ने बताया कि बुधवार की शाम हर्ष यादव ई-रिक्शा लेकर आया और मेरी मां के द्वारा सुखाए गए गोबर के गोइठा पर ई-रिक्शा चढ़ा दिया. मेरी मां के द्वारा मना करने पर गाली देते हुए कहने लगा अभी तो गोइठा पर ही ई-रिक्शा चढ़ाए हैं .ज्यादा बोलोगी तो तुम्हारे ऊपर 10 चकिया ट्रक चढ़ा देंगे. फिर थोड़ी देर बाद अवध यादव, पार्वती देवी ,निशा कुमारी आई और मुझे और मेरी मां के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया.जिसको लेकर पीड़ित व्यक्ति ने थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई. पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.

## दागी पंजी के नामजद अभियुक्तों का किया वार्षिक निरीक्षण

बरहेट - बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार ने बरहेट थाना क्षेत्र के दागी पंजी में दर्ज दागी अभियुक्तों का वार्षिक निरीक्षण किया. थाना प्रभारी ने पंजी में दर्ज अभियुक्तों के नाम एवं उसके घर का पता पर पहुंच कर दागी व्यक्ति के वर्तमान स्थितियों से भी अवगत हुए.नामजद दागी व्यक्ति कहां रह रहा है, क्या कर रहा है,वर्तमान में उसकी सामाजिक स्थिति क्या है सहित अन्य आवश्यक जानकारियां संबंधित व्यक्ति, उसके परिजनों तथा आस पड़ोस के लोगो से ली .मौके पर एसआई हरिनंदन मंडल के अलावा अन्य पुलिस मौजूद थे.

## भाकियू हलधर के युवा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बनी ममता कुमारी

साहिबगंज- भारतीय किसान यूनियन हलधर के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता सह बिहार झारखंड प्रदेश प्रभारी डा शैलेश कुमार गिरि सप्ताहिक किसान पंचायत को ऑनलाइन विडियो कॉल पर सम्बोधन के क्रम में महिला मोर्चा और युवा मोर्चा संगठन विस्तार के लिए आह्वाहन करते आ रहे थे. जिसके परिणामस्वरूप पिछले 2 मार्च रविवार को होने वाले सप्ताहिक बैठक में ममता कुमारी का नाम किसान पंचायत में उपस्थित सभी किसानों के सर्वसम्मति से सामने आने पर डा शैलेश कुमार गिरि ने अपने ऑनलाइन सम्बोधन के क्रम में गुरुवार को ममता कुमारी को भारतीय हलधर किसान यूनियन युवा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनयन पत्र जारी किया साथ ही कहा कि शायद भविष्य में ममता कुमारी झारखंड प्रदेश से किसान यूनियन की बागडोर संभालने वाली पहली महिला के नेत्री के रूप में जानी जाएगी और मुझे बातों से लगा की ममता कुमारी किसानों के हितार्थ हर वो संघर्ष करने के लिए तैयार है जो संघर्ष करनी चाहिए.ऑनलाइन संबोधन के क्रम में ममता कुमारी, साक्षी लक्ष्मण यादव, बचन कुमार पाठक , बासुकीनाथ चौबे,मनु प्रसाद यादव, राम सिहासन यादव ,रामप्रवेश यादव ,फूलचंद रजक उदय कुमार गुप्ता, रामानंद यादव, सुपन रविदास, रामवृक्ष रविदास, जागेश्वर मंडल ,उमेश चौधरी रुदल यादव, हृदय कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे.

## श्री राम कथा 17 मार्च से

साहिबगंज-साहिबगंज नगर के नॉर्थ कॉलोनी स्थित रेलवे जेनरल इंस्टीच्यूट के मैदान में आगामी 17 मार्च से श्री राम कथा का आयोजन किया गया है. 17 मार्च को सुबह 7 बजे भव्य शोभायात्रा यात्रा निकल जाएगी. एवं दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक अयोध्या से आए कथावाचक सुभाष शास्त्री जी महाराज के द्वारा राम कथा किया जाएगा. श्री राम कथा को लेकर आयोजन समिति के द्वारा तैयारी की जा रही है.

## कार्य के प्रति उदासीनता व कार्य लंबित रखने मामले मे नप सिटी मैनेजर विरेश को स्पष्टीकरण

साहिबगंज - अपने कार्य के प्रति उदासीनता व कार्य लंबित रखने मामले मे नगर परिषद के सिटी मैनेजर विरेश से नगर प्रशासक ने स्पष्टीकरण पूछा है.पुछे गये स्पष्टीकरण मे लिखा है कि नगरपालिका आम निर्वाचन के निमित पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण हेतु साहिबगंज नगर परिषद के सभी वार्डों में सर्वे करने एवं इससे संबंधित प्रतिवेदन ससमय तैयार कर भेजा जाना अति आवश्यक है. परंतु निर्धारित समयावधि बीत जाने के बाद भी उक्त कार्य का निष्पादन नहीं हो पाया है. विदित हो कि उक्त के अनुश्रवण एवं ससमय निष्पादन हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा कई बार आपको निर्देशित किया गया है. परंतु कार्य की समीक्षा से ऐसा प्रतीत होता है कि आपके द्वारा उक्त कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है. जिस कारण महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहा है. उल्लेखनीय है कि 5 मार्च को उपयुक्त साहिबगंज के द्वारा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद कार्यालय में नगरपालिका निर्वाचन से संबंधित कार्य प्रगति की जांच की गई.उक्त कार्यक्रम के दौरान भी आप कार्यालय में अनुपस्थित थे. जबकि इसकी सूचना पूर्व में ही आपको दी गई थी. और अधोहस्ताक्षरी द्वारा कई बार आपको निर्देशित करने के बाद भी आपके द्वारा अपने कार्य में सुधार नहीं किया जा रहा है एवं अनेको के महत्वपूर्ण कार्य आप अपने स्तर पर अनावश्यक रूप से लंबित रखते हैं जो आपके कार्य के प्रति उदासीनता एवं गैर जिम्मेदारी को दर्शाता है.विदित हो कि कार्य का निष्पादन ससमय नहीं करने के कारण पूर्व में भी आपसे कारण पृच्छा की गई है. कार्य में हो रही अनावश्यक विलंब के कारण कई मामले लंबित रहते है. जिसका ससमय निष्पादन किया जाना अति आवश्यक है. अतः कार्यालय में अनुपस्थित रहने/ निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतनी एवं वरीय पदाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों की अनदेखी करने के लिए क्यों नहीं इसकी सूचना उच्च अधिकारी को दी जाएं एवं आपके कृत के लिए विभागीय कार्रवाई हेतु क्यों नहीं विभाग को पत्राचार किया जाए. पत्र प्राप्ति के दो दिन के भीतर अपना स्पष्टीकरण देना सुनिश्चित करें.

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**साहिबगंज ।** जिला समाज कल्याण विभाग के निर्देशानुसार मंथन संस्था एवं चाइल्डलाइन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बरहेट में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.कार्यक्रम का शुभारंभ मंथन संस्था के समन्वयक अमन वर्मा ने योजना की विस्तृत जानकारी देकर किया. उन्होंने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की शुरुआत वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री द्वारा हरियाणा के पानीपत जिले से की गई थी. इसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा और शिशु लिंग अनुपात में गिरावट को रोकना है. चाइल्डलाइन के कोऑर्डिनेटर मो इकबाल ने बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी दी.उन्होंने कहा कि यदि कोई बच्चा रास्ते, ट्रेन या अन्य स्थानों पर खुद को असुरक्षित महसूस करता है तो वह इस नंबर पर कॉल कर मदद ले सकता है. कार्यक्रम के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों को बाल विवाह, बाल शोषण, बाल तस्करी एवं पोक्सो एक्ट से संबंधित जागरूकता वीडियो दिखाए गए. साथ ही बच्चों को इन विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई.कार्यक्रम के अंत में बच्चों को शपथ दिलाई गई कि वे बाल विवाह, शोषण और तस्करी जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ आवाज उठाएंगे. इसके अलावा 5 फलदार वृक्षों का रोपण भी

## समेकित कृषि संकुल आईएफसी उन्मुखीकरण कार्यशाल का आयोजन



साहिबगंज -साहिबगंज जिले के बरहेट प्रखंड में फूलबंगा सीएलएफ समेकित कृषि संकुल आईएफसी उन्मुखीकरण कार्यशाला का उद्घाटन अतिथियों ने किया. कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण किसानों एवं महिलाओं को संगठित कर उनकी आजीविका में स्थिरता लाना और कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देना है.बीपीएम ने कहा कि ग्रामीण किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों, प्रशिक्षण और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी. जिससे उनकी उपज और आय में वृद्धि हो सके. समेकित कृषि संकुल की अवधारणा, इसके लाभ एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी. कार्यशाला में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही. जिससे उनके आत्मनिर्भरता के मार्ग को और सशक्त किया जा सके.कार्यक्रम में ओबी मेंबर प्रेमा के द्वारा बताया गया कि आईएफसी के द्वारा एक पैच में खेती करने सेकृषि उत्पादकता में वृद्धि होने और किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदानहो सकेगी इस महत्वपूर्ण पहल से बरहेट प्रखंड के 2 ग्राम रक्सी एवं बाबूपुर के क्षेत्रों के किसानों और आजीविका संगठनों को बेहतर संसाधन, प्रशिक्षण और बाजार से जुड़ने के अवसर मिलेंगे.इस आयोजन ने समावेशी विकास और सतत कृषि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रखा है.कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, मुखिया पंचकठिया संथाली, जिला प्रबंधक, बीपीएम ,सीसी,अश्वनी कुमार, सूरज रविदास , मंजू भंडारी,, काजल कुमारी, लक्ष्मी कुमारी सेतु दीदी अन्य एवं सखी मंडल की सदस्य उपस्थित थे.

## महिलाए हर क्षेत्र में निभा रही है अग्रणी भूमिका



**साहिबगंज।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व साहिबगंज नगर के नया सड़क मुहल्ला के एक होटल में गुरुवार को नाबार्ड एवं नारी विकास मंच की ओर से महिला दिवस मनाया गया. कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन नाबार्ड डीडीएम प्रमोद कुमार, एलडीएम, नारी विकास मंच के सचिव रीता गुप्ता सहित अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया. वही एलडीएम ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में पुरुषों से कदम से कदम मिलाकर चल रही है. इस साल की थीम तेजी से कार्रवाई करें पर निर्धारित की गई है. यह थीम महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए तेजी से प्रगति करने की अपील करती है.महिलाओं के लिए सरकार ने कई योजना चला रखी है. एसबीआई बैंक की ओर से महिलाओं को प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है.वही नाबार्ड डीडीएम ने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ने, उनकी उपलब्धियों को गिनाने, उन्हें सशक्त बनाने के लिए ही इस दिन की शुरुआत की गई. नारी हर कदम, हर वक्त खुद को साबित करने के लिए संघर्ष में लगी रहती है. हर महिला जो आपके आसपास है उसका इज्जत करे, मान सम्मान दे. महिलाए घर संवारना और सजाना जानती है.महिला ही एक कुल को जन्म देती है. सरकार की ओर से महिलाओं के योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया. वही नारी विकास मंच सचिव ने महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर बनकर बैंकिंग प्रक्रिया से रोजगार के लिए प्रेरित किया. वही महिलाओं के बीच वाटर बोतल का वितरण किया गया. मौके पर दर्जनों महिलाएं उपस्थित थे.

## बिहार पुलिस ने छापामारी कर किया दो युवक को लिया हिरासत मे



साहिबगंज ( बिहार के नवादा से तालझारी थाना क्षेत्र में ऐसा मामला आया है.जिसमे मोबाइल चोरी होने के बाद मोबाइल में लोड यूपीआई के जरिए ट्रांजेक्शन कर पीड़ित व्यक्तियों के बैंक खाते से रूपये निकाल लिया गया.मामले को लेकर तालझारी थाना क्षेत्र के महाराजपुर रेलवे स्टेशन के समीप गुरुवार को बिहार के नवादा साइबर पुलिस ने तालझारी थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज के सहयोग सेबड़ी करवाई की.मामले को लेकर थाना प्रभारी ने बताया कि नवादा साइबर थाने के पदाधिकारी सुमित कुमार के नेतृत्व में छापेमारी कर महाराजपुर के एक युवक को हिरासत में लेकर बिहार पुलिस पूछताछ कर रही है.इतना ही नहीं बल्कि पुलिस ने छापेमारी कर हिरासत में लिए युवक के पास से दो मोबाइल जब्त किया है. नवादा साइबर थाना के पदाधिकारी सुमित कुमार ने बताया कि नवादा के सब्जी मंडी में एक युवक का मोबाइल फोन चोरी हो गया था. पीड़ित युवक ने थाने में लिखित शिकायत किया था. उसी के आधार पर पुलिस कांड संख्या 27/25 दर्ज कर मामला मामले की कार्रवाई में जुड़ गई. चोरों के द्वारा मोबाइल चोरी करने के बाद मोबाइल में बने यूपीआई आईडी से 4 लाख रुपए की निकासी भी कर ली.लोकेशन ट्रेस कर महाराजपुर हटिया परिसर पहुंचे कर एक युवक आनंद कुमार महतो एवं उसके सहयोगी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है.छापामारी के दौरान बिहार पुलिस के साथ तालझारी थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज व पुलिस के जवान मौजूद थे.

## 11 दिवसीय महारूद्र यज्ञ की तैयारी

**संवाददाता**

बरहेट-बरहेट प्रखंड क्षेत्र के गुमान नदी किनारे स्थित 1008 महारूद्र यज्ञ को लेकर गुरुवार को थाना प्रभारी पवन कुमार ने तैयारी को लेकर जायजा लिया. इस दौरान यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष चंद्रशेखर साह, सचिव अजय भगत, मौजूद थे. थाना प्रभारी पवन कुमार ने यज्ञ कमेटियों से वार्तालाप किया. साथ ही साथ 11 दिविसाय यज्ञ सह मेला की तैयारी को लेकर जानकारी ली . थाना प्रभारी पवन कुमार ने कहा कि यज्ञ सह मेला में किसी प्रकार की कोई असुविधा होने पर प्रशासन को सूचित करें.मौके पर कोषाध्यक्ष धीरज मोदी,विपिन गुप्ता ,रूपक मित्रा के अलावे कई लोग मौजूद थे.

**पूर्व रेलवे**

**ठिका खोबोर संख्या: ईएल-89-24; माहित 04.03.2025।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जनरल), पूर्व रेलवे, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते नोवाको कामी काउडी ते पुराउ दाड़ेयाक् आर वैद्य विद्युतीय ठिकादार रेयाक् लाइसेंस मेनाक्को ठिकादारको ठेन खोन नोआ कामी लागित् ई-ठिकाको नेवतायेत् काना: **कामी रेयाक् ञुतुम सांवते ओना रेयाक् जायगा:** आसनसोल मंडल: आसनसोल मंडल रे आडी मारेयाक् एयर कंडीशन बोदोल। **ठिका रेयाक् पूंजी:** रु. 52,26,831.50। **बायना पायसा:** रु. 1,04,500। **ठिका कागोच रेयाक् गोनोम:** शून्य। **कामी पुराउ रेयाक् सोमोय:** 09 चान्दो। **ठिका बोंदोक् आर झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोय:** 27.03.2025 हिलोक् सेताक् 11.00 बजे। पुराउ बिवरोन दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे ञेल दाड़ेयाक्आ।

(ASN-364/2024-25)

ठिका खोबोर दो वेबसाइट **www.er.indian-railways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

**नोंडे पांजालेपे:** @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## ट्रंप की गणित, दुनिया भ्रमित

दुनिया तेजी से बदलती है...। और उससे भी ज्यादा तेजी से बदलते हैं वे देश, जो अपने हित के लिए पूरी व्यवस्था बदलने का माद्दा रखते हैं। अमेरिका इस मामले में अकेला देश है, जो खेल का नियम अपने लाभ के लिए बनाता है। राष्ट्रपति ट्रंप अकेले उदाहरण नहीं हैं। कुछ लोग भले ही उनको सनकी मान रहे हों, पर इसके पहले भी अमेरिका फर्स्ट के नारे को साधने के लिए नियमों के साथ खिलवाड़ अमेरिकी हुक्मरानों ने किया है। पिछले चार दशकों में अमेरिकी मनमानेपन के शिकार कई देश हुए हैं। इराक, अफगानिस्तान, ईरान जैसे देश कुछ तो अपने कारण, और बहुत कुछ वाशिंगटन नीति के कारण ही तबाह हुए।पिछली सदी के 90 के दशक में यह अमेरिका और उसके साथ जुड़े कुछ खास दोस्त ही थे, जिन्होंने डंकल प्रस्ताव लाकर पूरी दुनिया के व्यापार को एक साथ अपने इशारे पर चलने का कुचक्र रचने का सफल प्रस्ताव किया, कृषि पर ट्रिप्स और व्यापार पर ट्रिम्स लागू कर सभी देशों को अपने हिसाब से चलाने की कोशिश की गई। ट्रिप्स प्रावधानों में यहां तक ज्यादती की गई, कि इन समझौतों पर हस्ताक्षर करने वाला देश अपने गरीब किसानों को कोई सब्सिडी न देने पाए। एक तरफ अमेरिका और यूरोप अपने उत्पादों को दुनिया के बाजार में आसानी से उतारने के लिए अपने यहां भारी इनसेंटिव दे रहे थे और दूसरी तरफ भारत जैसे विकासशील देशों पर तरह के प्रतिबंध लगा रहे थे। जब देश में प्रधानमंत्री के रूप में भाजपा के सर्वशक्तिमान नेता अटल बिहारी वाजपेयी विराजमान थे, तब अमेरिका ने मात्रात्मक प्रतिबंध नियमों के बहाने कई वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। तब मदनलाल खुराना संसदीय कार्य मंत्री थे। उन्होंने मात्रात्मक प्रतिबंध का अमेरिकी फैसले का पुरजोर विरोध किया था, तब उनको अपना पोर्टफोलियो खोना पड़ा था। अमेरिका तब पाकिस्तान के प्रेम में था और अपना प्रभाव पाकिस्तान को भारतीय कोप से बचाने में भी करता था। तब जार्ज बुश ने पाकिस्तान को तो अपने हित साधने के लिए एफ 16 युद्धक विमान दे दिया, लेकिन भारत के लिए इनकार कर दिया।राष्ट्रपति ट्रंप व्यापार के नए नियम बनाना और चलाना चाहते हैं। उनके लिए कोई देश उनका अपना नहीं है, भारत भी नहीं। तमाम विशेषज्ञों ने ये दावे किए थे कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों को निभाते हुए ट्रंप भारत के खिलाफ कोई आक्रामक रुख अख्तियार नहीं करेंगे। पर ये सारे कयास धरे के धरे रह गए। जो व्यवहार ट्रंप ईर्ष्यावश मैक्सिको के साथ कर रहे हैं, वही व्यवहार वह भारत के साथ भी करते दिख रहे हैं। जिस तरह से अमानवीय व्यवहार भारत के गैरकानूनी प्रवासियों के साथ ट्रंप प्रशासन ने किया, उसके बाद यह अपेक्षा बेमानी है कि ट्रंप, मोदी सरकार को कोई विशेष छूट देने की सोच भी रहे हैं। वह कोई मौका नहीं चूक रहे हैं, जहां भारत को लेकर चेतावनी वाले लहजे की गुंजाइश बनती हो। वह प्रधानमंत्री मोदी को अपने से ज्यादा हार्ड बार्गेनर तो बताते हैं, लेकिन यह कहना भी नहीं चूकते कि वह जल्दी ही इंपोर्ट ड्यूटी नई दिल्ली के खिलाफ भी लगाने जा रहे है। ट्रंप की नजर में भारत का ऑटो सेक्टर, इंजीनियरिंग सेक्टर, केमिकल इंडस्ट्री और कपड़ा इंडस्ट्री चुभ रही है। वह इन सभी क्षेत्रों पर अलग ड्यूटी बढ़ाने की धमकी दे रहे है। यह धमकी सच साबित हुई तो, संभव है कि भारत का निर्यात 30 प्रतिशत तक घट जाए। यह एक बड़ा झटका साबित हो सकता है। अगले साल तक भारत की अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन की बनाने की मोदी की योजना को भी झटका लग सकता है ।ट्रंप की एकतरफा कार्रवाई, अमेरिका के लिए कितनी लाभकारी होगी, इसे लेकर बहुत सारी आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं।

# महिलाओं के प्रति नजरिया बदलने का वक्त

**रमेश सर्राफ धमोरा**

भारत वह देश है जहां महिलाओं की सुरक्षा और इज्जत का खास ख्याल रखा जाता है। अगर हम 21वीं सदी की बात करें तो यहां की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला काम कर रही है। अब तो भारत की संसद ने भी महिलाओं के लिए लोकसभा व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक पास कर दिया है। इससे आने वाले समय में भारत की राजनीति में महिलाओं की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण होनी तय है। देश में महिलाओं को अब सेना में भी महत्वपूर्ण पदों पर तैनात किया जाने लगा है। यह महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है।यहां महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार है। महिलायें देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं तथा विकास में भी बराबर की भागीदार हैं। आज के युग में महिला पुरुषों के साथ ही नहीं बल्कि उनसे दो कदम आगे निकल चुकी है। महिलाओं के बिना समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। भारतीय संविधान के अनुसार महिलाओं को भी पुरुषों के समान जीवन जीने का हक है। भारत में नारी को देवी के रूप में देखा गया है। कहा जाता है कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। प्राचीन काल से ही यहां महिलाओं को समाज में विशिष्ट आदर एवं सम्मान दिया जाता है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 08 मार्च 1911 से पूरे विश्व में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाना है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 का थीम है- कार्रवाई में तेजी लाना।राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक साल 2023 में भारत में महिलाओं के खिलाफ कुल 4,05,861 अपराध दर्ज किए गए। इनमें सबसे ज्यादा घरेलू हिंसा और यौन उत्पीड़न के मामले हैं। यह आंकड़े समाज में महिलाओं की सुरक्षा के प्रति समाज और परिवार की उदासीनता को दर्शाते हैं। 2022 में 4,45,256 मामले, 2021 में 4,28,278 मामले 2020 में 3,71,503 मामले दर्ज किए गए थे। आंकड़ों के मुताबिक प्रति एक लाख आबादी पर महिला अपराध की दर 66.4 फीसदी रिकॉर्ड की गई। भारतीय दंड संहिता के तहत महिलाओं के खिलाफ सबसे ज्यादा 31.4 फीसदी जुर्म पति या उसके रिश्तेदारों की क्रूरता के हैं। इसके बाद अपहरण के 19.2 फीसदी, शील भंग करने के इरादे से हमले के 18.7 फीसदी और दुष्कर्म के 7.1 फीसदी मामले हैं। पिछले साल देश में जितने मामले सामने आए उनमें से 2,23,635 यानी 50 फीसदी उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में दर्ज किए गए। उत्तर प्रदेश में 2021 में महिला अपराध के 56,083 और और 2020 में 49,385 मामले दर्ज किए थे। इसके बाद राजस्थान (40,738 और 34,535), महाराष्ट्र (39,526 और 31,954), पश्चिम बंगाल (35,884 और 36,439) और मध्य प्रदेश (30,673 और 25,640) रहे थे। भारत में वर्षों से महिला सुरक्षा से जुड़े कई



कानून हैं। इसमें हिंदू विडो रीमैरिज एक्ट 1856, इंडियन पीनल कोड 1860, मैटरनिटी बेनिफिट एक्ट 1861, क्रिस्चियन मैरिज एक्ट 1872, मैरिड वीमेन प्रॉपर्टी एक्ट 1874,चाइल्ड मैरिज एक्ट 1929, स्पेशल मैरिज एक्ट 1954, हिन्दू मैरिज एक्ट 1955, फॉरेन मैरिज एक्ट 1969, इंडियन डाइवोर्स एक्ट 1969, मुस्लिम वुमन प्रोटेक्शन एक्ट 1986, नेशनल कमीशन फॉर वुमन एक्ट 1990, सेक्सुअल हर्रास्मेंट ऑफ वुमन एट वर्किंग प्लेस एक्ट 2013 आदि। इसके अलावा 7 मई 2015 को लोक सभा ने और 22 दिसम्बर 2015 को राज्य सभा ने जुवेनाइल जस्टिस बिल में भी बदलाव किया है। इसके अन्तर्गत यदि कोई 16 से 18 साल का किशोर जघन्य अपराध में लिप्त पाया जाता है तो उसे भी कठोर सजा का प्रावधान है। राष्ट्रीय महिला आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहा। देश भर से पूरे साल में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 28,811 शिकायतें मिलीं। इसमें 16 हजार से ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश राज्य से आए । दूसरे नंबर पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 2,411 मामले दर्ज किए गए। महाराष्ट्र में 1,343, बिहार में 1,312 और मध्य प्रदेश में 1,165 इतने मामले दर्ज किए गए हैं।2023 के 12 महीने बाद जारी किए गए इस रिपोर्ट में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध में दहेज उत्पीड़न और दुष्कर्म जैसे अपराध दर्ज किए गए हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग की यह रिपोर्ट महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता दिखाती है। आंकड़ों के मुताबिक देश भर में यौन उत्पीड़न के 805 मामले, साइबर अपराध के 605 मामले, पीछा करने की 472 मामले और सम्मान से जुड़े अपराध के खिलाफ 409 शिकायतें दर्ज कराई गईं। आंकड़ों के मुताबिक, महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बलात्कार के मामले भी शामिल हैं। साल 2023 में बलात्कार और बलात्कार के प्रयास के 1,537 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद गरिमा के अधिकार के तहत 8,540, घरेलू हिंसा के 6,274, दहेज उत्पीड़न के 4,797, छेड़छाड़ के 2,349,और महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता के 1,618 मामले दर्ज किए गए।

2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले 2022 की तुलना में कम हुए हैं। 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 30,864 मामले दर्ज किए गए थे। जबकि 2023 में यह संख्या घटकर 28,278 हो गई। यह एक सकारात्मक संकेत है लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। साल 2022 के बाद से शिकायतों की संख्या में कमी देखी गई है। जब 30,864 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जो 2014 के बाद से सर्वाधिक आंकड़ा था। जहां तक बात महिलाओं की सुरक्षा की आती है तो पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व निर्णयों से महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई प्रबंध किए हैं। आज भारत में महिलाएं पहले की अपेक्षा ज्यादा सुरक्षित है।

हम एक तरफ महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबरी का दर्जा देकर उन्हे आगे बढ़ा रहें है। वहीं दूसरी तरफ उनके साथ अत्याचार की घटनाओं में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आये दिन हमें महिलाओं के साथ बलात्कार, दुर्व्यवहार होने की घटनाये सुनने को मिलती रहती है। ऐसी घटनाओं से महिला सशक्तीकरण के अभियान को धक्का लगता हैं। देश में महिलाओं के प्रति खराब होते माहौल को बदलने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं अपितु हर आम आदमी की भी है। हम सभी को आगे आकर महिला सुरक्षा की लड़ाई में महिलाओं का साथ देना होगा तभी देश की मातृ शक्ति सर उठा कर शान से चल सकेगीं। अब महिलाओं को समझना होगा कि आज समाज में उनकी दयनीय स्थिति समाज में चली आ रही परम्पराओं का परिणाम है। इन परम्पराओं को बदलने का बीड़ा स्वयं महिलाओं को ही उठाना होगा। तभी समाज में उनके प्रति सोच बदल पाएगी।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार

**पाकुड़ की खबरें**

## जिले के सभी मेडिकल दुकानों में सीसीटीवी लगाने का दिया निर्देश

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** पाकुड़ गुरुवार को उपायुक्त मनीष कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी औषधि विक्रेताओं के साथ बैठक की।उपायुक्त ने कहा कि फर्जी अवैध रूप से मेडिकल स्टोर नहीं चलने चाहिए। जितने भी दवा का खरीदारी किया गया है पंजी से मिलना चाहिए। साथ ही कहा कि किसी भी मेडिकल स्टोर पर नकली दवाओं की विक्री न हो। उपायुक्त ने जिले के सभी मेडिकल दुकानों में सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया। किसी भी प्रतिबंधित दवा एवं नशीली दवा की बिक्री नहीं होनी चाहिए। सभी दवा दुकानों में एक्सपायरी दवा नहीं रहने चाहिए। रात्रि में शहर में रोस्टर के अनुसार दवा दुकान खोले जाएंगे। कोडिन युक्त कफ सिरप समेत अन्य दवाइयां जो नशे के रूप में दुरुपयोग होने वाली एनडीपीएस दवाइयों पर रोक लगाने के उद्देश्य से उनके विक्रय को नियंत्रित करने का निर्देश सभी दवा दुकानदारों को दिया गया।बैठक में उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, औषधि निरीक्षक राजेश कुमार एवं औषधि विक्रेता समेत अन्य उपस्थित थे।

## फूड लाइसेंस रजिस्ट्रेशन हेतु लगाया गया कैंप,




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**पाकुड़ । गुरुवार को जिला के सदर अस्पताल परिसर स्थित खाद्य सुरक्षा कार्यालय में फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन सिविल सर्जन डॉक्टर मंटू कुमार टेकरीवाल एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी धनेश्वर हेंब्रम के नेतृत्व में किया गया। जिसमें कुल 18 लोगों ने रजिस्ट्रेशन किया । खाद्य सुरक्षा प्राधिकारी ने बताया यह शिविर 7 मार्च को भी आयोजित किया जाएगा। विदित हो कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत खाने पीने की सामग्री बेचने वाले यथा होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, रिटेलर, डिस्ट्रीब्यूटर, होलसेलर, बेकरी दुकान, किराना दुकान, फल सब्जी विक्रेता, ठेला- खोमचा, स्ट्रीट फूड वेंडर्स ईत्यादि को खाद्य अनुज्ञप्ति या पंजीकरण कराना अनिवार्य है। बताया गया की जांच में वैध अनुज्ञप्ति या पंजीकरण नहीं पाए जाने पर 10 लाख तक का अर्थदंड लगाया जा सकता है। फूड लाइसेंस रजिस्ट्रेशन बनवाने के लिए आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, बिजली बिल या रेंट एग्रीमेंट आवश्यक है। मीट एवं चिकन दुकान के लिए पंचायत या नगर परिषद एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र आवश्यक है।

## डीटीओ व एसडीपीओ के नेतृत्व में चला वाहन जांच अभियान



बरहरवा -साहिबगंज डीटीओ के निर्देशानुसार गुरुवार को बरहरवा -बरहेट मुख्य पथ के पतना चौक में डीटीओ व एसडीपीओ नितिन खांडेवाल बरहरवा के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया.मौके पर सभी छोटे एवं बड़े वाहनों के कागजातो की जांच की गई.समुचित कागजात नहीं दिखा पाने वाले वाहन संचालकों से जुर्माना वसूला गया. मौके पर बिना हेलमेट के बाईक चला रहे लोगो से भी जुर्माना वसूला गया. वाहन जाँच के क्रम मे कुल 24 वाहनों से लगभग 30 हजार रूपये का चालान भी काटा है.डीटीओ ने कहा कि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें. उन्होने बाइक चालकों से हेलमेट पहनने, शराब नहीं पीने, ओवर स्पीड वाहन नहीं चलाने की अपील की. मौके पर नीरज कुमार शाह रोड सेफ्टी मैनेजर अनुज प्रसाद रोड इंजीनियर एवं राजहंस कुमार आईटी असिस्टेंट उपस्थित थे.

# मनी लांड्रिंग मामले में एसडीपीआई के कार्यालय में छापा, क्षेत्र में सनसनी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़। गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आधा दर्जन अधिकारियों ने मनी लांड्रिंग मामले में पाकुड़ शहर के मौलाना चौक स्थित सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के कार्यालय पर दिन के 11ः00 बजे छापेमारी की । इस दौरान भारी संख्या में सीआरपीएफ के जवान मौजूद रहे। छापामारी शुरू होती ही वहां भारी संख्या में भीड़ जुट गई । ईडी अधिकारियों ने कार्यालय में एक-एक दस्तावेजों की जांच शुरू की। बताया जाता है कि कार्यालय पहुँचे प्रदेश अध्यक्ष हंजिला शेख से भी ईडी की टीम ने घंटो पूछताछ किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह छापेमारी एसडीपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमके फैजी से जुड़े मामले में की गई है। जिन्हें मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया था। ईडी को आशंका है कि एसडीपीआई,




प्रतिबंधित संगठन पीएफआई का राजनीतिक मंच है। फैजी को पिछले साल से कई बार पूछताछ के लिए ईडी द्वारा समन भेजा गया था। किंतु वे उपस्थित नहीं हुए। मालूम हो कि गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को एसडीपीआई कार्यकर्ताओं ने पाकुड़ में प्रदर्शन किया था। इसके पूर्व 25 फरवरी को पाकुड़ में ही पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया था। जिसमें राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय नेताओं ने भाग लिया था। समाचार लिखे जाने तक ईडी के कोई भी अधिकारीयों ने कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया। ईडी की छापामारी से क्षेत्र में सनसनी है।

**प्रदेश अध्यक्ष हुए मीडिया से मुखातिब**

एसडीपीआई के प्रदेश अध्यक्ष हंजीला शेख ने प्रेस से वार्तालाप करते हुए बताया कि गुरुवार को केंद्र की इसारे पर ईडी की टीम ने कार्यालय की जांच की। मुझसे भी पूछताछ की गई। मेने ईडी के अधिकारियों को सभी जवाब सही-सही दिया है आशा है कि उन्हें हमारी जवाब से संतुष्टि मिली होगी। उन्होंने बताया कि सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया एक समाजसेवी संगठन है ।जिसकी जड़े मजबूती के साथ भारत में अपनी पकड़ बना रही है। जिससे केंद्र की सरकार घबरा गई है। और आनन फानन में हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी की है। यह पार्टी कभी भी देश के विरुद्ध कार्य नहीं करेगी। यह पार्टी देश हित में संविधान और कानून का मान रखते हुए अपनी कार्य को गति दे रही है। दबे कुचले लोगों का आवाज बनाकर कार्य करेगी। कार्यकर्ताओं को हतोउत्साहित होने की जरूरत नहीं है। हम देश और संविधान के मानने वाले लोग हैं। सदैव देश हित में कार्य करेंगे। देश और संविधान हमारे लिए सर्वोपरि है।

## वाहन जांच अभियान चलाया गया

महेशपुर (पाकुड़ ) क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटना को रोकथाम को लेकर गुरुवार को थाने के सामने पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान पुलिस ने ड्राइविंग लाइसेंस नहीं रहने पर दर्जनों चार पहिया व दो पहिया वाहनों को जब्त करते हुए एक नाबालिग बाइक चालक को 14500 व कुल 41 हजार 600 रुपया का वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया है। साथ ही बिना हेलमेट के बाईक चला रहे लोगों को कड़ी चेतावनी देते हुए आगे से हेलमेट लगाकर चलने का निर्देश देते हुए लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। वाहन जांच में महेशपुर प्रभारी थाना प्रभारी अरविंद राय, दिनेश प्रसाद सिंह, कैला उरांव सहित जवान मौजूद थे।

## ट्रैक्टर के धक्के से बुजुर्ग की मौत

महेशपुर (पाकुड़)। थाना क्षेत्र के शहरग्राम गांव के पास बुधवार को तेज रफ्तार बालू लदे ट्रैक्टर के धक्के से प्रेमलाल साहा की हुई मौत की घटना को लेकर। मृतक के पुत्र मुकेश कुमार साहा ने गुरुवार को थाना में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ तेजी एवं लापरवाही से वाहन चलाने तथा धक्का मारने एवं मृत्यु हो जाने के आरोप में मामला दर्ज करवाया है। वादी ने आवेदन में उल्लेख किया है कि उसका पिता दूध का कारोबार करते थे। बुधवार सुबह 9ः30 बजे के आसपास साइकिल से दूध लेकर शहरग्राम स्थित शिव मंदिर के पास पहुंचे थे, कि इसी दौरान महेशपुर के तरफ से जा रहे ट्रैक्टर संख्या जेएच17यु- 4617 के चालक में तेजी एवं लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए उसके पिता को पीछे से जोरदार धक्का मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए तथा अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ट्रैक्टर को जब्त कर घटना की छानबीन में जुटी हुई है।

## डीसी ने की होली व रमजान शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील

साहिबगंज -साहिबगंज जिले के डीसी हेमंत सती ने रंगों के महापर्व होली एवं पवित्र माह रमजान के अवसर पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है. उन्होंने इस पर्व को आपसी सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताते हुए सभी नागरिकों से इसे शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की है.

## ट्रक में लगी आग, धू,धू कर जला ट्रक

हिरणपुर (पाकुड़) । थाना क्षेत्र के रानीपुर मोड़ के समीप लगभग रात के करीब 2 बजे बीड़ी पत्ता लोड एलपी ट्रक गाड़ी स्ख्क 16 ॥ 1054 में अचानक आग लग गई।जिसे चालक के द्वारा देखे जाने पर धीरे-धीरे गाड़ी को आगे बढ़ते हुए आया । पुलिस की नजर पढ़ते ही गाड़ी को घनी आबादी से बाहर हाई स्कूल मोड़ के आगे ले जाकर खड़ा किया गया। जहां गाड़ी धु-धु कर जलकर खाक हो गई। जिससे लाखों का बीड़ी पत्ता और गाड़ी जलकर खाक हो गया।इस घटना में ड्राइवर और हिरणपुर पुलिस की सूझबूझ के कारण घनीआबादी में क्षति होने से बच गया परंतु गाड़ी और पत्ता जलकर खाक हो गया।आग पर काबू पाने के लिए दमकल भी रात से लगी हुई है परंतु सुबह होने तक आग पर पूर्णता काबू नहीं पाया गया।आग लगने के संबंध में बताया जाता है कि बीड़ी पत्ता काफी ओवरलोड रहती है जिस कारण शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी है।इस संबंध में पूछे जाने पर गाड़ी चालक,सह मलिक शेर सिंह बुंदेला ने बताया कि मेरी गाड़ी मध्य प्रदेश के बनखेड़ी से सुल्तानगंज जा रहा था इसी बीच रात 2 बजे आग लग गई, जो जलकर खाक हो गया। इस संबंध में थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि अंदेशा लगाया जा रहा है कि बिजली प्रभावित तार के संपर्क होने बीड़ी पत्ता लदा ट्रक में आग लगी है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## पहाड़िया विकास ग्राम उधोग सहयोग समिति ने की बैठक



बोरियो- बोरियों प्रखंड क्षेत्र के बिन्देरी बन्दर कोला में पहाड़िया विकास ग्राम उधोग सहयोग समिति एवं हिलएसेम्बली पहाड़िया महासभा की बैठक हुई.बैठक मे पहाड़िया विकास ग्राम उधोग सहयोग समिति लिमिटेड द्वारा रजिस्ट्रेशन किया गया. साथ ही लोगो को पद के अनुसार जिम्मेदारी दी गई .मौके पर सरदार दादा मैसा पहाड़िया, सरदार फागु पहाड़िया, सरदार मैसा पहाड़िया, सरदार मरकुस मालतो, नायब सोमा पहाड़िया, नायब चान्दु पहाड़िया, नायब तुवा पहाड़िया, नायब रुबेन मालतो, सदस्य सिकन्दर पहाड़िया, सदस्य चंदन पहाड़िया, सदस्य मीना पहाड़िन, सदस्य सोलोमी पहाड़िन, सदस्य बबिता पहाड़िन, नायब बुद्धिनाथ पहाड़िया, ग्राम प्रधान बरनबास मालतो सहित अन्य मौजूद थे.

## लचर विद्युत व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों ने जताया विरोध

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



हिरणपुर (पाकुड़) लचर विद्युत व्यवस्था व तेज गति से वाहनों की परिचालन के विरोध तारापुर व गोविंदपुर के ग्रामीणों ने गुरुवार को विरोध जताया है। ग्रामीण चन्द्रायण साहा , श्रीराम साहा , मंटू साहा , राजीव पंडित , पंकज साहा , मनोज साहा आदि ने बताया कि बीते मंगलवार की रात तेज गति से परिचालन कर रहे हाइवा ने वर्षो पुरानी विद्युत पोल को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे मुख्य सड़क में विद्युत तार टूटकर बिखर गई। रात में घटना होने के कारण कोई जानमाल की क्षति नही हुई। नही तो बड़ी घटना घट जाती। क्योकि 11 हजार वाट की तार सड़क से गुजरी है। पोल टूटे जाने से बीते तीन दिनों से विद्युत आपूर्ति बाधित है। वही कोभर तार न रहने से हमेशा से भय सताया रहता है कि कही वर्षो पुरानी तार टूटकर गिर न जाये। ग्रामीणों ने कहा कि विद्युत व्यवस्था को अविलम्ब दुरुस्त किया जाय। कोभरयुक्त तार लगाया जाए। वही हाइवा सहित अन्य तेज गति गति से परिचालन कर रहे वाहनों पर अंकुश लगाया जाए। उधर इसकी सूचना मिलने साथ विद्युत विभाग के कनीय अभियंता विदेश मांझी गांव में पहुंचकर लोगो से वार्ता किया व विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कार्य प्रारम्भ किया गया। कनीय अभियंता ने बताया कि जल्द ही विद्युत आपूर्ति संचालित कर दी जाएगी।

## झामुमो के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष, जिला सचिव एवं नई समितियों का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** पाकुड़। जिला मुख्यालय स्थित लड्डू बाबू आम बागान में झारखंड मुक्ति मोर्चा की जिला समिति की बैठक झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम की अध्यक्षता में की गई। मंच संचालन ज़िला उपाध्यक्ष हाजी समद अली ने किया। इसके पूर्व जिला समिति के पदाधिकारियों द्वारा जिले के सभी पंचायत समिति, प्रखंड समिति, नगर समिति के पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया। वही सभी प्रखंडो के नव गठित प्रखंड व नगर समिति के पदाधिकारियों द्वारा जिले के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम, जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली, जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे, जिला सचिव माईकिल मुर्मू व जिला कोषाध्यक्ष बाबुधन मुर्मू को माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम ने सर्वप्रथम सभी नवगठित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए सभी पंचायत समिति प्रखंड समिति , नगर समिति के पदाधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर सभी समितियों का पूर्ण गठन करते हुए उसकी सूची जिला कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया।जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली ने अपने संबोधन में कहा कि सभी प्रखंड के नव गठित पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से सुमधुर संबंध बनाते हुए पार्टी को मजबूत करने की दिशा में कार्य करें।पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपको जो भी जिम्मेदारी पार्टी की ओर से मिले उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाये व पार्टी हित मे लगातार कार्य करते रहे।मौके पर जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे, जिला सचिव माईकिल मुर्मू, जिला कोषाध्यक्ष बाबुधन मुर्मू, केंद्रीय सदस्य निशा शबनम हांसदा, केंद्रीय सदस्य मिथिलेश घोष, पूर्व जिला सचिव सुलेमान बास्की, पूर्व महिला जिलाध्यक्ष जोसेफिना हेम्ब्रम, पूर्व युवा जिलाध्यक्ष सुनील टुडू, नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह, सचिव नूर आलम, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मुस्लेउद्दीन शेख, सचिव राजेश सरकार, हिरणपुर प्रखंड अध्यक्ष इसहाक अंसारी, उपाध्यक्ष बिकास रविदास, सचिव सरकार टुडू, लिट्टीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष प्रसाद हांसदा, सचिव जावेद आलम, अमड़ापाड़ा प्रखंड अध्यक्ष श्यामलाल हांसदा, सचिव जहीरुद्दीन मियां, महेशपुर प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल उदूद, पाकुड़िया प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, सचिव मैनुद्दीन अंसारी एखलाकुर अंसारी, जहूर आलम, तनवीर आलम, पिंटू गुप्ता, रंजन साहा, आदित्या तिवारी, ईमरान अंसारी, अली हुसैन अंसारी, नीरज मड़ैया, मनोज चौब, सुशीला देवी, अन्ना मुर्मू, अनिता , गैब्रियल हेम्ब्रम, नाजिर सोरेन, रमेश मुर्मू, चारलेश मरांडी नवगठित सभी पंचायत समिति प्रखंड समिति व नगर समिति के पदाधिकारी व पूर्व के समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## बांस के सहारे झूलता बिजली तार घटना को कर रहा आमंत्रित



ठाकुरगंगटी ( प्रखंड के मानिकपुर पंचायत अंतर्गत मटरबाड़ी भगैया के लोग जान जोखिम में डालकर यहां निवास कर रहे हैं। यहां बांस के सहारे बिजली आपूर्ति कराई जा रही है, जो विभागीय लापरवाही को दर्शाता है। बिजली के तार बांस के खंभे से लटक रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में अस्थाई तौर पर बांस बल्लियों के सहारे विद्युत की आपूर्ति की जा रही हैं। विभागीय अधिकारियों को कई बार मौखिक व समाचार पत्र से इस बात की शिकायत की जा चुकी है कि बांस बल्लियों के सहारे लटक रहे तारों से कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। साथ ही इन बांस बल्लियों के स्थान पर विद्युत पोल लगाने की मांग भी कई बार की जा चुकी है। बावजूद इसके अभी तक विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। स्थिति यह है कि लटक रहे विद्युत तार हवा के झोंकों के कारण अक्सर शार्ट सर्किट से टूटकर गिरते रहते हैं। यह तो संयोग की बात है कि अभी तक कोई ग्रामीण टूटकर गिरे तारों की चपेट में नहीं आया है। डर की बात तो यह है कि उक्त गांव में करीब 50 से अधिक परिवार के लोग इन्हीं नंगे व कमजोर तार के नीचे चलते फिरते रहते हैं साथ ही सैकड़ों बच्चे दर्जनों के झुंड में उसी गांव के रास्ते आवागमन करते हैं। गांव के लोग बांस के खंभों के सहारे ही बिजली का उपयोग करते हैं। गांव में विद्युत पोल लगाकर तारों को नहीं खींचा जा रहा है।

## विद्या विहार स्टडी सेंटर में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन, 6 रक्त वीरों ने किया रक्तदान

**गोड्डा ।** जिला मुख्यालय के गंगटा स्थित विद्या विहार स्टडी सेंटर के निदेशक आशीष कश्यप उर्फ ओमेश्वर हरिओम द्वारा गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया मौके पर कुल छह रक्तवीर व रक्त वीरांगनाओं ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में मनीष कुमार सिंह, मणिकांत साह, रंजन कुमार, दिवाकर कुमार पंडित, मुकेश कुमार और आरती भगत शामिल हैं । कश्यप ने सभी रक्तदानियों की सराहना करते हुए बताया कि पिछले सात सालों से वे जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध करवाते आये हैं। साथ ही अब तक लगभग तीन हजार परिवारों की मदद कर चुके हैं और अभी भी सेवा कर रहे हैं। रक्तदाता रंजन कुमार व मणिकांत साह ने कहा कि जीते जी हमारी वजह से किसी की जान बचती है, तो ये हमारे लिए सबसे गर्व की बात है। हम हमेशा जरूरतमंदों के लिए हाजिर रहेंगे। वहीं दिवाकर कुमार ने बताया कि उन्हें शुरुआत में तो डर लगता था, लेकिन अब दूसरों की मदद करके अच्छा लगता है ।

## डकैती कांड के मुख्य आरोपी के घर बागडेहरी पुलिस ने किया कुर्की जप्ति

कुंडहित (जामताड़ा) = गुरुवार को बागडेहरी थाना पुलिस कपासतोड़िया में रहीम खान के घर में डकैती कांड के मुख्य आरोपी के घर कुर्की जप्ति किया गया। जानकारी के अनुसार बागडेहरी थाना क्षेत्र के ग्राम आमडुबी टोला कपासतोड़िया के रहीम खान के घर में बीते 16 अक्टूबर 2022 में डकैती कांड हुआ था। डकैती कांड के मुख्य आरोपी पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिला अंतर्गत लोकपुर थाना क्षेत्र के बुधपुर गांव निवासी शेख लोखाई के पुत्र शेख मोताई के घर कुर्की जप्ति किया गया। गुरुवार को बागडेहरी थाना प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल बीरभूम जिला अंतर्गत लोकपुर थाना क्षेत्र के बुधपुर गांव में आरोपी शेख मोताई के घर कुर्की जप्ति किया गया। आरोपी के उपर डकैती कांड में भारतीय धारा 395,397 आईपीएस तथा 3/4 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के प्राथमिक अभियुक्त शेख मोताई पुलिस को चकमा देकर बंगाल में छुपे हुए हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया मुख्य आरोपी शेख मोताई 2022 से बंगाल में छुप कर रह रहा हैं। आज उनके घर को कुर्की जप्ति किया गया। मौके पर थाना प्रभारी के अलावे पुलिस बल उपस्थित थे।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार,

उधवा-राधानगर पुलिस ने छापेमारी कर दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया.मामले को लेकर सोमवार को पीड़िता नाबालिग के मां ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी.दिए शिकायत पत्र में उल्लेख किया है कि 5 मार्च को समय करीब 7 बजे संध्या में मेरी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी जो मानसिक रूप से विक्षिप्त है वह घर पर नहीं है. खोज बीन करने पर घर के पीछे बांसवाड़ा में देखी की गांव के एक 60 वर्षीय व्यक्ति ने मेरी बेटी को जमीन पर आपत्ति जनक परिस्थिति में है.उन्होने आरोप लगाई है कि मेरी बेटी के साथ जोर जबरदस्ती हथियार का भय दिखाकर बलात्कार की घटना को अंजाम दिया है.वहीं मामले को लेकर नाबालिग के मां के ब्यान पर पुलिस ने राधानगर थाना कांड संख्या 78/25 धारा 126 (2)/127(2)/64(2)(के) एवं 4/6 पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिक अभियुक्त को बुधवार देर रात छापेमारी कर उनके घर से गिरफ्तार किया .गिरफ्तार अभियुक्त को चिकित्सकीय परीक्षण के बाद उसे गुरुवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।श. छापेमारी दल में राधानगर थाना के एसआई हसनैन अंसारी सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे.

## राज्स्व ग्राम प्रधान मौजा में सरकारी योजना के जमीन सत्यापन में ग्राम प्रधान की भागीदारी सुनिश्चित करें



**कुंडहित (जामताड़ा)** =गुरुवार को कुंडहित प्रखंड सभागार में राजस्व ग्राम प्रधान की एक बैठक ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष दुलाल चंद्र माजि के अध्यक्षता में आयोजित किया गया । बैठक में लगान वसूली, ऑनलाइन लगान तथा राजस्व ग्राम प्रधान मौजा में सरकारी योजना में ग्राम प्रधान की अधिकार सुनिश्चित करने पर बिचार विमर्श किया गया।बैठक में संघ के अध्यक्ष दुलाल चंद्र माजि ने संघ की मजबूती पर जोर देने हेतु सभी राजस्व ग्राम प्रधान को दिया गया । कहा कि संघ की एकता ही संघ की मजबूती है। वहीं वर्ष के अंतिम महीना को देखते हुए शत प्रतिशत आंफलाइन लगान काट कर नाजरिया रसीदें कार्यालय में जमा करने की बात किया। वही 2018 से 2021तक विभाग द्वारा राजस्व ग्राम प्रधान को रसीद उपलब्ध नही कराया गया। जहां रैयतों ने आनलाइन लगान जमा कर दिया गया। 2022 से 2025 तक राजस्व ग्राम प्रधान द्वारा ऑफलाइन लगान वसूली का नजीर रसीद का छाया प्रति कार्यालय में जमा कराने की बात कही। बैठक में यह भी चर्चा किया गया 7 अगस्त 2024 को सरकार द्वारा राजस्व ग्राम प्रधानों की मानदेय बढ़ोतरी 2000 से 4000 तक करने की बात किया गया था। लेकिन अभी तक राजस्व ग्राम प्रधानों को बढ़ोतरी का लाभ नहीं मिल पाया है जिस कारण राजस्व ग्राम प्रधान इस पर निंदा किया। वही ग्राम प्रधान मौज में सरकारी जमीन पर हो रहे योजना का जमीन सत्यापन कार्य ग्राम प्रधानों के अधिकार देने की जोर दिया गया। मौके पर गया प्रसाद चंद, सरोज चौधरी, सुजीत सिंह, दीपक मंडल, काली गति पाल, मानिक मंडल, कांति भंडारी ,अन्ना घोष, सहित काफी संख्या में राजस्व ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

## नबालिग लड़की को भगाने के आरोप में नबालिग को बाल सुधार गृह भेजा

साहिबगंज - शादी के नियत से एक नाबालिक लड़का ने एक नाबालिक लड़की को लेकर फरार हो जाने के मामले में साहिबगंज नगर थाना पुलिस बड़ी सफलता हासिल की है. पुलिस ने नाबालिक लड़के को अपने हिरासत में लेकर बाल सुधार गृह भेज दिया.पुलिस के अनुसार दोनों नाबालिक बोरियों थाना क्षेत्र के बांझी के रहने वाले हैं. थाना प्रभारी ने बताया कि नाबालिक लड़की के परिजनों ने एक नाबालिक लड़का पर आरोप लगाते हुए आवेदन दिया था. नाबालिक लड़का को पुलिस हिरासत में लेकर बाल सुधार गृह भेज दिया.

## काली सूची में दर्ज होगा अमोलिका राईस मिल का नाम, आपूर्ति विभाग की समीक्षा के दौरान डीसी ने दिया निर्देश

**संवाददाता**

**जामताड़ा ।** गुरुवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कुमुद सहाय की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में खाद्यान्न वितरण, जन वितरण प्रणाली दुकानों से संबंधित मामले, पीवीटीजी डाकिया योजना, गमुख्यमंत्री दाल-भात योजना, धान अधिप्राप्ति एवं भुगतान, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण, चना दाल वितरण योजना, लाभुकों का ई केवाईसी सहित आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित अन्य सभी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। जन वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण को लेकर उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्डधारी लाभुकों को उचित दर पर और उचित मात्रा में ससमय खाद्यान्न उपलब्ध कराना सुनिश्चित करायें।




उपायुक्त ने खाद्यान्न वितरण योजना को सुचारु रुप से एवं पारदर्शिता के साथ चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने पीवीटीजी डाकिया योजना के तहत लाभुकों को ससमय खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।इसके अलावा उन्होंने चना दाल वितरण, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं लाभुकों से प्राप्त होने वाले विभिन्न शिकायतों का निष्पादन ससमय करने को लेकर भी जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री दाल-भात केन्द्रों के नियमित संचालन को लेकर समीक्षा किया, बताया कि कुल 09 दाल भात केंद्र संचालित हैं, उपायुक्त ने संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को नियमित रूप से दाल भात केंद्र का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने लाभुकों के ई केवाईसी कार्य की समीक्षा की। बताया कि कुल सदस्य (एनएफएसए एवं जेएसएफएसएस) 775221 हैं, जिसमें से 512941 का ई केवाईसी हो चुका है। उपायुक्त ने शेष 262280 लाभुकों के ई केवाईसी को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं माइग्रेंट लेबर का भौतिक सत्यापन कर अयोग्य लाभुकों को चिन्हित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने धान अधिप्राप्ति योजना खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में अमोलिका

राईस मिल, रानेश्वर दुमका द्वारा समसय अग्रीम सी0एम0आर0 नहीं दिये जाने के कारण उन्हें स्पष्टीकरण के साथ एकरारनामा रद्द करने एवं काली सूची में दर्ज करने हेतु जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जामताड़ा को आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। उज्जवला योजना के तहत इनएक्टिव लाभुकों के सत्यापन हेतु भी उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया। इस मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजशेखर, उप निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

## फेडरेशन कप कुश्ती के लिए झारखंड की टीम में गोड्डा का पियूष शामिल



**गोड्डा ।** लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी पंजाब में 8 एवं 9 मार्च को आयोजित फेडरेशन कप कुश्ती प्रतियोगिता के विभिन्न स्पर्धाओं के लिए झारखंड की 19 सदस्यीय टीम बुधवार शाम रांची रेलवे स्टेशन से गंतव्य के लिए रवाना हुई। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला कुश्ती संघ के सचिव सुरजीत झा ने बताया कि झारखंड राज्य कुश्ती संघ के सचिव रजनीश कुमार द्वारा गठित टीम में गोड्डा के प्रतिभावान पहलवान पियूष कुमार साह शामिल हैं। पियूष की इस उपलब्धि पर जिला कुश्ती संघ के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं पियूष के साथी पहलवानों में मनोज कुमार पप्पु, मनीष कुमार सिंह, अखिल कुमार झा, आशुतोष झा, मिथिलेश कुमार, आकाश कुमार , कुमार आनंद, विनायक झा, रौशन कुमार साह, मो. इरशाद, अंकित टुडू, लक्ष्मण बेसरा एवं अमन कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। श्री झा ने बताया कि पियूष इसके पूर्व भी कई नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम में शामिल रहे हैं।

## कृषकों को दिया गया जैविक कीटनाशक एवं रोग प्रबंधन का प्रशिक्षण



**नारायणपुर (जामताड़ा)** - कृषि विभाग अन्तर्गत आत्मा जामताड़ा द्वारा जामताड़ा प्रखंड के दुलाडीह पंचायत भवन में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण के तहत गुरुवार को दूसरा दिन का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षक बीटीएम एकबाल हुसैन, आशा संस्थान की सबाना, राहुल कुमार एवं प्रगतिशील कृषक मदन टुडू ने विभिन्न सत्रों में किसानों को कृषि से संबंधित विस्तृत जानकारी दी।दूसरे दिन के प्रशिक्षण में गरमा सब्जियों में लगने वाले रोग एवं कीट के समेकित प्रबंधन पर चर्चा की गई। किसानों को जैविक कीटनाशक एवं फफूंदनाशक बनाने और उपयोग करने की विधि बताई गई। नीमासत्र, ब्रह्मा सत्र, पांच परनी अर्क, दस परनी अर्क आदि तैयार करने की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा हुई।प्रशिक्षकों ने बताया कि जैविक कीटनाशकों के उपयोग से फसलें रासायनिक दुष्प्रभावों से बचती हैं और उनकी गुणवत्ता बेहतर होती है। यदि जैविक उपायों के बाद भी कीट एवं रोग नियंत्रित नहीं होते हैं, तब अंतिम विकल्प के रूप में रासायनिक कीटनाशकों एवं फफूंदनाशकों का प्रयोग किया जा सकता है। जैविक खेती से उपज की गुणवत्ता और बाजार मूल्य बेहतर होता है।प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष किसान उपस्थित थे।

## श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का हुआ शुभारंभ, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश आदि हुए संपन्न



नाला (जामताड़ा)-- नाला में गुरुवार को श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर पंचांग पूजन आदि कर्मकांड संपन्न किए गए। गुरुवार को वाराणसी के आचार्य परमात्मा पांडेय के सानिध्य में पंचांग पूजन मंडप प्रवेश मंडप प्रोडक्शन मंडप अधिक रक्षण आदि वैदिक कर्मकांड विधि विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में पवन भट्टाचार्य ममता भट्टाचार्य तथा राजीव कुमार सपत्नीक मौजूद थे। इस अवसर पर दूर दराज से काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद हुए और यज्ञ हवनादी कर्मकांड में शामिल होकर पुण्य बटोरे। मौके पर इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान के व्यवस्थापक डॉ0 राधानाथ मंडल, उप प्रमुख समर माजी, 20 सुत्री अध्यक्ष उज्वल भट्टाचार्य, विधायक प्रतिनिधि बासुदेव हांसदा, थाना प्रभारी राजीव रंजन कुमार, पुरोहित परमात्मा पांडेय के सहयोगी आचार्य बनारस के सुनील उपाध्याय, विश्वजीत शर्मा, सौरभ शास्त्री, ज्ञानेन्द्र शास्त्री, उज्जवल घोष, ग्राम प्रधान शांति घोष, 20 सूत्री सदस्य भव सिंधु लायक, पूर्ण चंद्र भट्टाचार्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष निपेन सिंह, गुरु पद मंडल ,मुकेश झा, शांतिमय मंडल, संजय कुमार ,कृष्ण टुडू, मुखिया प्रतिनिधि गुपिन सोरेन, डॉ संजीव कुमार, निरंजन मंडल, स्वप्न मंडल सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद थे। इस अवसर पर आचार्य परमात्मा पांडेय ने कहा कि आज गुरूवार को विधिवत पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, मंडप प्रोक्षण,मंडप दिगरक्षण आदि वैदिक कर्मकांड सम्पन्न किए गए।

## एसडीओ ने छापेमारी कर अवैध रूप से मिट्टी लदा दो ट्रैक्टर किया जब्त

**उधवा।** राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तर पलाशगाछी पंचायत में गंगा किनारे अवैध रूप से जेसीबी लगाकर मिट्टी उत्खनन किए जाने पर एसडीओ ने बड़ी कार्रवाई की है. दरअसल थाना क्षेत्र के उत्तर पलाशगाछी गांव में गंगा किनारे से अवैध रूप से मिट्टी उत्खनन कर ट्रैक्टर से परिवहन किए जाने की सूचना एसडीओ को मिली थी. सूचना के सत्यापन हेतु बुधवार को टीम गठित कर एसडीओ राजमहल बिमल सोरेन के नेतृत्व में गुप्त सूचना पर छापेमारी की गई. छापेमारी के दौरान मौके पर एसडीओ ने देखा कि ट्रैक्टर से मिट्टी का परिवहन धड़ल्ले से किया जा रहा है. एसडीओ के छापेमारी के दौरान कई ट्रैक्टर भागने में सफल रहे.जबकि दो ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया.एक ट्रैक्टर स्वराज कंपनी तो दूसरा सोनालिका कंपनी की है. दोनों ट्रैक्टरों में नंबर प्लेट नहीं थी. दोनों ट्रैक्टरों को विधिवत रूप से जब्त कर एक ट्रैक्टर को वहां के उप मुखिया नईम शेख के जिम्मा पर सौंप दिया. जबकि दूसरा ट्रैक्टर को राधानगर पुलिस को सुपूर्द कर दिया गया है. एसडीओ ने बताया कि गंगा नदी का मिट्टी का अवैध रूप से उत्खनन कर परिवहन एवं विक्रय करना संज्ञेय अपराध है. इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नही किया जाएगा. अवैध मिट्टी उत्खनन करने पर आगे भी कारवाई

जारी रहेगी. वही मामले को लेकर एसडीओ विमल सोरेन के बयान पर कांड संख्या 70/25 के तहत ट्रैक्टर चालक व मालिक के विरुद्ध बीएनएस 2023 एवं झारखंड लघु खनिज समानुदान नियमावली 2024 के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है. छापेमारी दल में राजमहल थाना के पुअनि विक्रम कुमार, विकास सेठ सहित सशस्त्र बल मौजूद थे.

## न्याय आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित




**गोड्डा ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रभारी, कुमार पवन एवं सचिव डा0 प्रदीप कुमार के मार्गदर्शन में पथरगामा प्रखंड के विभिन्न गांवों में न्याय आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार की टीम ने गुरुवार को टेंगर, मांछीटांड़, तेलनी एवं चिलकारा गोविंद गांव में अभियान चलाया। इस दौरान अधिकार मित्र मीनू बेसरा व दिलीप यादव ने ग्रामीणों को कानूनी अधिकार एवं घरेलू हिंसा से संबंधी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घरेलु हिंसा अधिनियम महिलाओं के संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों का संरक्षण करने, महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाने एवं उनके अधिकारों की रक्षा करती है। इस अधिनियम में केवल पत्नी नहीं बल्कि मां, बहन, विधवा, अथवा परिवार के किसी भी सदस्य को प्रताड़ित करना घरेलू हिंसा अपराध माना गया है। शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करना, मारपीट करना, शरीर के अंग को चोट पहुंचाना, गाली गलौज करना मान सम्मान अपमानित करना, लड़का न पैदा होने पर ताने मारना, दहेज संबंधी मांग करना, परिजनों को धमकाना, बीमार होने पर इलाज न करना, उनके अधिकारों से वंचित रखना घरेलू हिंसा अपराध माना गया है। हमारे समाज में आए दिन घरेलू हिंसा अपराध की घटनाएं एवं समस्या बनी हुई है। इससे परिवार में तनाव, परिवार टूटने व बिखरने का डर लगा रहता है। समाज में हो रहे अपराध को रोकने हेतु सभी वर्गों को आगे आने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर दर्जनों महिलाएं उपस्थित थीं।

## जनजातीय संध्या डिग्री कॉलेज में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू



मिहिजाम= जनजातीय संध्या डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। यह शिविर 6 मार्च से 12 मार्च तक चलेगा। गुरुवार को कॉलेज प्रांगण में प्राचार्य प्रो. कृष्ण मोहन साह, कार्यक्रम पदाधिकारी यूनिट-01 रंजीत यादव और यूनिट-02 देवकी पंजियारा ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस लक्ष्य गीत से हुई।इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि एनएसएस युवा पीढ़ी को समाज से जोड़ने और उनके व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाता है। विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार कॉलेज की दोनों यूनिटों को यह शिविर आयोजित करने की अनुमति मिली है। पहले दिन वॉलंटियर्स ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने यातायात नियमों की जानकारी देकर लोगों को सतर्क रहने का संदेश दिया। पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। शिविर के दौरान सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर डॉ. सुमन सरकार, डॉ. राकेश रंजन, अरविंद सिंह, शंभू सिंह सहित कई शिक्षक और एनएसएस वॉलंटियर्स उपस्थित रहे।

## खेल प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने दिखाया जोश

नारायणपुर (जामताड़ा)राज्य परियोजना निदेशक झारखंड के निर्देशानुसार सरकारी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में कक्षा एक से पांच तक के बच्चों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।प्रखंड के उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय नारायणपुर, नव प्राथमिक विद्यालय पहाड़पुर, तारासठिया, कोरिडीह सहित अन्य विद्यालयों में रस्सी कूद, गोली-चम्मच दौड़, बैलून रेस, बोरा दौड़, बिस्कुट रेस और मेंढक दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं कराई गईं। बच्चों ने इनमें उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## दबंगों द्वारा सरकारी जमीन का किया अवैध कब्जा, ग्रामीणों ने सीओ, एसडीओ एवं डीसी से की शिकायत

**उधवा।** उधवा अंचल अंतर्गत राधानगर पंचायत के महामडन टोला में गंगा नदी के समीप सरकारी जमीन पर दबंग प्रवृति के लोगों के द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है.मामले को लेकर ग्रामीण सैफुद्दीन शेख, आब्दुल रहमान, नाजीर शेख,असराफुल शेख,शोनू घोष,राजीन, मंडल,भीम साह,जितेन कर्मकार सहित दर्जनों लोगों ने बीडीओ सह सीओ उधवा से लिखित शिकायत की है.आवेदन की प्रतिलिपि एसडीओ राजमहल एवं उपायुक्त साहिबगंज को दी है. जिसमे बताया है कि राधानगर मौजा में गंगा नदी के छाड़न से बनी जमीन है. उक्त जमीन राधानगर मौजा के जमाबंदी नंबर 330 दाग नंबर 907 में 2 बीघा 3 कट्ठा जमीन सरकारी है.उक्त जमीन में पिछले 20 वर्षों से खेलकूद का मैदान है. उक्त जमीन पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा कई कार्यक्रम होता है. वर्तमान में कुछ दबंग प्रवृति के सफीकुल शेख, भोला गुप्ता, मोतिउर शेख, उजीर शेख, जहरूल शेख ने उक्त जमीन पर बलपूर्वक कब्जा करते हुए कंटीले तार से घेराबंदी कर फसल उगाने का काम करते है.खेलकूद प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम बाधित होने से कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायत भी की गई है. वही उधवा सीओ के कार्यालय से सुनवाई होने पर तीन बार जमीन को खाली करने का नोटिस भी निर्गत हुआ है.इसके बावजूद भी उक्त लोगों ने सीओ के निर्देश व आज्ञा का अवहेलना करते हुए जबरन जमीन को कब्जा कर रखा है. मामले को लेकर डीसी से शिकायत करने पर तत्काल डीसी के निर्देश के आलोक में बुधवार को सीओ, अंचल निरीक्षक, अंचल भू मापक अमीन व राधानगर पुलिस प्रशासन ने कार्यवाई करते हुए जमीन को खाली कराया गया था.लेकिन गुरुवार को पुनः जबरन उक्त जमीन को घेरकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया.

## विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित



**महागामा ।** प्रखंड अंतर्गत मालभंडारीडीह के राजकीयकृत मध्य विद्यालय की शिक्षिका कुमारी नूनी मुर्मू के सेवानिवृत्ति पर गुरुवार को विद्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्हें पुष्प गुच्छ, शॉल, पुस्तक, डायरी, कलम, छाता आदि देकर सम्मानित किया गया। वहीं समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष अजय साह ने कहा कि शिक्षा जगत में आपके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। हम आपके सुखद, स्वस्थ और सफल भविष्य की कामना करते हैं। वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक मानसिंह किस्कू ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं वे जीवन पर्यंत सीखने सिखाने वाले होते हैं। झारोटेफ के जिला संयुक्त सचिव सह अनुमंडल प्रभारी मुरारी शर्मा ने कहा की शिक्षक और सड़क एक समान होते हैं जो अपनी जगह स्थिर रहकर मंजिल तक पहुंचाने का काम करते हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एम्पलाइज फेडरेशन के जिला उपाध्यक्ष सह अनुमंडल प्रवक्ता रीतेश रंजन ने कहा कि इन्होंने अपने विद्यार्थियों को सिर्फ विषयों का ज्ञान नहीं दिया बल्कि जीने की सही राह भी दिखाई। उन्होंने हर छात्र को व्यक्तिगत रूप से समझा, उसकी ताकत को पहचाना और उसकी कमजोरियों को दूर करने में मदद की। झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के क्षेत्र अध्यक्ष निलेश कुमार ने कहा कि इनका मधुर वाणी, धैर्य और स्नेह पूर्ण व्यवहार को हम कभी नहीं भूल सकते। संकुल साधन सेवी सुधीर कुमार ने कहा कि आपके द्वारा दी गई शिक्षा और प्रेरणा सदैव आपके छात्रों के दिलों में जीवित रहेगा। कार्यक्रम में राजेंद्र पंडित, शक्तिकपुर मुर्मू, गोपाल प्रसाद, दिलीप कुमार साह, शंकर कुमार, मोहन साह, असलम जावेद, मुर्शीद आलम, बिरेन कुमार साह, प्रमोद कुमार ठाकुर, नसीम अख्तर, मिनहाज समेत दर्जनों शिक्षक, ग्रामीण शिक्षा प्रेमी और विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नाबालिग का यौन उत्पीड़न करने के आरोपित को सश्रम कारावास

गोड्डा = विशेष न्यायाधीश पोक्सो सह जिला जज प्रथम कुमार पवन के न्यायालय ने नाबालिक की यौन उत्पीड़न करने के आरोप को सही पाकर साहेबगंज जिले के बरहेट गोपलाडीह निवासी मो0 मुर्शीद को 08 पोक्सो एक्ट के तहत चार वर्ष का सश्रम कारावास व 20,000 रुपये जुर्माना भरने की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं भरने की स्थिति में छह माह अतिरिक्त कारावास से दंडित किया गया है। मामले को लेकर न्यायालय के समक्ष अभियोजन की ओर से आठ गवाहों का परीक्षण कराया गया। दोनों पक्षों की दलील सुनने के उपरांत न्यायालय ने सुजा सुनाई। जुर्माना की राशि पीड़िता के पुनर्वास के लिए भुगतान करने का आदेश कोर्ट ने दिया है। वहीं पीड़िता के लिए मुआवजा के तौर पर आर्थिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार को कोर्ट ने आदेश दिया है। निर्णय की एक प्रति विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को दी गई है।मामले को लेकर पीड़िता की मां ने न्यायालय में 17 मार्च 23 को परिवाद पत्र दायर किया गया। इसके आधार पर ललमटिया थाना में 03 जुलाई 23 को मामला दर्ज किया गया था। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि वह एक तलाकशुदा महिला हैं। उसकी 12 व 14 वर्ष की पुत्री है। वह मजदूरी करके गुजर बसर करती थी। इसी दौरान फेसबुक पर उसे मुर्शीद से दोस्ती हो गई। इसके बाद वह दोनों बच्चियों के साथ मुंबई घूमने के लिए उसके साथ चली गई। मुंबई के पनबेल मुहल्ला में एक कमरा किराये पर लिया। वहां एक ही कमरे में सब रहने लगे। उसके साथ बच्चियों के समक्ष जबरन शारीरिक संबंध बनाने लगा। इस दौरान उसका मोबाइल भी छीन लिया था। वहीं बच्चियों को भी प्रताड़ित कर यौन उपीड़न किया जाने लगा। इसके बाद वे लोग किसी तरह से वहां से निकलकर 15 मार्च 23 को घर पहुंची। पुलिस से त्वरित कदम उठाते हुए आरोपित को 14 जनवरी 24 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया,

## एसआरएम टीम ने बोरियो सीएचसी का किया निरीक्षण

बोरियो- एसआरएम के 8 सदस्य टीम ने बोरियो सीएचसी का निरीक्षण किया .राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य कार्यकम के तहत चलने वाले एमडीए, कालाजार, मलेरिया, परिवार नियोजन, प्रसव कक्ष, ओपीडी, आईपीडी, उपस्थिति पंजी, साफ सफाई सहित अन्य चीजों का निरीक्षण कर जानकारी टीम के सदस्यों ने ली.टीम ने पुआल के उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किए एवं चिकित्सकों को कई दिशा देते हुए बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की बात कही. मौके पर सीएस प्रवीण कुमार संथालिया, वीबीडी सलाकार सत्ती बाबू डाबडा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सलखु चंद्र हांसदा, अमित कच्छप, डॉ. विवेक भारती, बीपीएम बिष्णु भगत, एमटीएस मनोहर पंडित, सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे.

## झारखंड राज्य सहायक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सौंपा मांगपत्र

उधवा- झारखंड राज्य सहायक शिक्षक संघ ने बुधवार को साहिबगंज जिलाध्यक्ष मैनूल हक के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा.सौपे गये मांग पत्र में सहायक शिक्षकों ने बिहार राज्य के तर्ज पर झारखंड के सभी 62 हजार सहायक शिक्षकों को वेतनमान देने का आग्रह किया.सहायक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मैनुल हक ने कहा कि सहायक शिक्षकों की मांग बिहार राज्य के तर्ज पर वेतनमान देने की है.उन्होंने कहा कि यह मांग सहायक शिक्षकों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा.मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने सहायक शिक्षकों की मांग को गंभीरता से लिया और कहा कि जल्द ही इस मुद्दे पर वार्ता की जाएगी और इसका निदान किया जाएगा.उन्होंने कहा कि सहायक शिक्षकों की समस्या का समाधान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है.उन्होंने सहायक शिक्षकों को आश्वस्त किया कि उनकी मांग को जल्द ही पूरा किया जाएगा. मौके पर शाकेत शेखर, शमसुल आलम, पिंकी राय, नेली लूकस, मनसूर आलम सहित अन्य सहायक शिक्षक शामिल थे.

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी खोबोर

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड,आसनसोल, पिन-713301 अनुबंध एमोक् लागित् ते वेबसाइट **www.ireps.gov.in** दाराय ते आईआरईपीएस पोर्टल दाराय ते ई-नीलामी नेवतायेत् काना। नोआ रेयाक् बिवरोन दो नोंका लेका मेनाक्आः **नीलामी रेयाक् श्रेणीः** एटीएम। **ई-नीलामी कैटेलॉग संख्याः** एएसएन-एटीएम-19-03। नीलामी एहोबोक् रेयाक् तारीकः 19.03.2025 हिलोक् तिकिन 12.00 बजे। **स्टेशन/लोकेशन रेयाक् ञुतुम/ट्रेन संख्या आर एसएलआरः 15** स्टेशनको रेयाक् नोवाको 16 गोटेच् लोकेशनको रे एटीएम बाइसाउः आसनसोल, दुर्गापुर, रानीगंज, गिरिडीह, दुमका, बासुकीनाथ, बैद्यनाथधाम, देवघर, मधुपुर, चित्तरंजन, कुल्टी, सीतारामपुर, सिमुलतला (स्टेशन रेयाक् पूरब आर पश्चिम नाखा), बराकर आर कुमारधुबी। जोतो बोलीदाताको नोआ सोलहा एमावाको काना जे ओनको दो पुराउ बिवरोन लागित् दो वेबसाइट **www.ireps.gov.in** ञेलपे आर चेतान रे एम आकात् अनुसूची लेका रे चेतान रेयाक् ओलाकान ई-नीलामी रे सेलेदोक्पे।

**(ASN-367/2024-25)**

ठिका खोबोर दो वेबसाइटः **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway easternrailwayheadquarter

## बाबूलाल मरांडी को जिलाध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं



**दुमका।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता बाबूलाल मरांडी को सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर भाजपा जिलाध्यक्ष गौरवकांत ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। गौरवकांत ने कहा कि श्री मरांडी न केवल झारखंड के पहले मुख्यमंत्री रहे हैं, बल्कि एक दूरदर्शी नेता, सशक्त संगठनकर्ता और स्वच्छ छवि के जननायक हैं। बाबूलाल मरांडी का अनुभव और संकल्पशक्ति राज्य की राजनीति में सकारात्मक परिवर्तन लाएगी। प्रदेश मंत्री रविकांत मिश्रा,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमरेंद्र सिंह, डॉ अंजुला मुर्मू, डॉ शर्मिला सोरेन, अमिता रक्षित,निवास मंडल,सुरेश मुर्मू,मनोज पांडे,पवन केशरी,धर्मेंद्र सिंह बिट्टू,मार्शल ऋषिराज टुडू,गुंजन मरांडी,नवल किस्कू,मृणाल मिश्रा,अजय गुप्ता,ओम केशरी,दीपक स्वर्णकार,रूपेश मंडल,श्रीधर दास,ममता साह,रमेश मुर्मू,गोपीनाथ दत्ता,दीक्षांशु कोचगवे,मार्टिन मुकेश,दिनेश सिंह,कुश कुमार पाल आदि ने बधाई दिया है।

## सशक्त विपक्ष की भूमिका निभायेगी भाजपा : पिंटू अग्रवाल

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता चुने जाने पर पार्टी के दुमका जिला मीडिया प्रभारी पिंटू अग्रवाल ने खुशी का इजहार किया है। श्री अग्रवाल ने कहा है कि विधायक दल का नेता चुने जाने से बतौर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में पार्टी झारखंड विधानसभा में सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाने में सफल रहेगी। श्री मरांडी को इस दायित्व को सौंपे जाने पर श्री अग्रवाल ने श्री मरांडी को बधाई दी है।

## एक विद्यालय में दो प्रधानाध्यापकों से नहीं हो रहा कार्य, एक दूसरे पर थोप रहे हैं कार्य



**जरमुंडी ।** जरमुंडी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बनवारा में अपग्रेड हाईस्कूल एवं अपग्रेड मिडिल स्कूल का एक परिसर में स्थित होना और यहां दो प्रधानाचार्यों का कार्य करना जी का जंजाल बना हुआ है।बता दें कि हाई स्कूल और मिडिल स्कूल दोनों एक ही परिसर में स्थित है,लेकिन दोनों विद्यालय में अँग अलग प्रधान कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में बनवारा उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक ललित कुमार मंडल हैं एवं उत्क्रमित मध्यविद्यालय में राकेश चंद्र झा प्रधानाध्यापक हैं। ऐसे में एक ही परिसर में अवस्थित होने से दोनों विद्यालयों के प्रधानाचार्य एक दूसरे पर कार्य थोपने का काम कर रहे हैं। इस संदर्भ में बनवारा के ग्रामीण अभिभावकों की मानें तो एक ही विद्यालय परिसर में स्थित हाई स्कूल और मिडिल स्कूल के लिए अलग-अलग प्रधानाध्यापक रहने से स्कूल का पठन-पाठन विकास कार्य एवं अन्य जरूरी कार्रवाई की जरूरत पड़ने पर उच्च विद्यालय और मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्य एक दूसरे पर कार्य ठेकने का प्रयास करते हैं जिससे विद्यालय का कार्य सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रहा। बनवारा के पूर्व पंचायत समिति सदस्य ओमप्रकाश मिर्धा, स्थानीय ग्रामीण विनय मांझी,चंचल मांझी,वकील मिर्धा, बोदनारायण मिर्धा, जानकी देवी,,वार्ड सदस्य राजकुमार मांझी व संतोष मांझी सहित अन्य ग्रामीण अभिभावकों ने सामूहिक रूप से हस्ताक्षरित एक आवेदन दुमका के जिला शिक्षा पदाधिकारी को देकर विद्यालय में एक प्रधानाध्यापक रखने की मांग की है।

## युवती को भगाने का आरोप, तीन के खिलाफ केस दर्ज

**देवघर।** जिले के पालाजोरी थाना क्षेत्र में 21 वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पालाजोरी थाना में कांड संख्या 14/2025 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता पालाजोरी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है। उसने पुलिस को दिए बयान में आरोप लगाया है कि पालाजोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत गुलालडीह गांव निवासी नवल राय 24 वर्ष, पिता दिनेश राय ने शादी करने की नीयत से उसे बहला-फुसलाया और अपने साथ भगाने की कोशिश की। पीड़िता ने अपनी शिकायत में यह भी बताया कि इस साजिश में नवल राय की माँ और बहन भी शामिल थीं। आरोपियों ने उसे मानसिक रूप से प्रभावित करने की कोशिश की और जबरन भगाने का प्रयास किया। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी नवल राय, उसकी माँ और बहन पर जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बिजली चोरी के मामले में केस दर्ज, जांच जारी

**देवघर।** जिले के पथरौल थाना क्षेत्र में बिजली चोरी का मामला सामने आया है। इस संबंध में पथरौल थाना कांड संख्या 29/2025 के तहत भारतीय विद्युत अधिनियम संशोधन 2003 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मधुपुर विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल के सहायक विद्युत अभियंता दीपक कुमार द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि अभियुक्तगण अवैध रूप से बिजली चोरी कर रहे थे। जांच के दौरान विद्युत विभाग की टीम ने बिजली चोरी की पुष्टि की, जिसके बाद यह मामला पथरौल थाना में दर्ज किया गया। शिकायत के आधार पर विद्युत अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि जल्द ही आरोपियों को नोटिस भेजा जाएगा और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध बालू परिवहन में ट्रैक्टर जब्त, केस दर्ज

**देवघर।** जिले में अवैध खनन और बालू परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। इसी कड़ी में पथरौल थाना कांड संख्या 28/25 के तहत अवैध रूप से बालू ढोने के मामले में केस दर्ज किया गया है। देवघर के जिला खनन पदाधिकारी सुभाष रविदास की ओर से दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, स्वराज कंपनी के एक ट्रैक्टर के ट्रेलर में अवैध रूप से बालू का परिवहन किया जा रहा था। जब्त वाहन के चालक और मालिक के खिलाफ खनन अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।खनन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अवैध खनन और बिना परमिट के बालू ढुलाई पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संत जोसेफ हाई स्कूल को मिली 7.2 लाख की अनुदान राशि



**मधुपुर ।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल, रांची द्वारा मधुपुर संत जोसेफ उच्च विद्यालय को वर्षों से लंबित 7 लाख 20 हजार रुपये की अनुदान राशि स्वीकृत कर दी गई है। इस महत्वपूर्ण सूचना को विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर दिव्या मिंज ने आज प्रबंध समिति की बैठक में साझा किया। बैठक में झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण एवं जल संसाधन मंत्री तथा क्षेत्रीय विधायक हफीजुल हसन के प्रतिनिधि शब्बीर अंसारी,झारखंड एकेडमिक काउंसिल के प्रतिनिधि डॉ. अजय कुमार गुप्ता,विद्यालय की सचिव सिस्टर डाफ्नी,दानदाता सिस्टर विनीता सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। बैठक के दौरान प्राचार्य सिस्टर दिव्या मिंज ने सभी अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि इस अनुदान राशि में से 1 लाख 8000 रुपये विद्यालय के विकास कार्यों में खर्च किए जाएंगे, जबकि 6 लाख 12 हजार रुपये उच्च विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों को वितरित किए जाएंगे। यह राशि विशेष रूप से 10 शिक्षक,1 क्लर्क और 2 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के लिए स्वीकृत की गई है। प्राचार्य सिस्टर दिव्या मिंज ने मंत्री हफीजुल हसन का आभार प्रकट करते हुए कहा,÷उनकी पहल और प्रयासों से ही यह अनुदान राशि स्वीकृत हुई है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक सिस्टर पद्मिनी, सिस्टर नीलम हेंब्रम, शिक्षक गौस असलम, शिक्षक राजेश, शिक्षक अनिकेत, शिक्षक आशुतोष, सिस्टर रेखा मिस, सिस्टर रानी मिसर एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## बाबूलाल को नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर खवाड़े ने दी बधाई



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** चन्द्र शेखर खवाड़े ने बधाइयां दिये भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष,लोकप्रिय नेता,झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर भारतीय जनता पार्टी के सभी विधायकों को साधुवाद तथा आदरणीय प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को बहुत-बहुत बधाइयां अनंत शुभकामनाएं। आशा है आपकी इस नई पारी में हम संघर्ष की नई कहानी लिखते हुए झारखंड को विकसित राज्य बनाने के लिए राह प्रशस्त करेंगे।

# बोल्डर फॉर चिप्स मामले में नहीं हो सकी अंतर राशि की वसूली

## डीएमओ ने जिले के 65 खनन पट्टेधारियों को भेजा था डिमांड नोटिस,10 खनन पट्टेधारियों ने आपत्ति दर्ज कराया

### ● 55 पत्थर कारोबारियों ने कोई जवाब नहीं दिया, न अंतर राशि जमा किया




**सुमन सिंह**

**दुमका ।** बोल्डर का रॉयल्टी भुगतान कर पत्थर का उपयोग स्टोन चिप्स बनाने में करने के मामले में खनन पट्टेधारियों से अंतर राशि की वसूली में विभाग को सफलता मिलती नहीं दिख रही है।बोल्डर का रॉयल्टी दर 132 रुपए प्रति घन मीटर है जबकि बोल्डर का उपयोग स्टोन चिप्स के रूप में करने पर रॉयल्टी का दर 250 रुपए प्रति घन मीटर है।पर खनन पट्टेधारियों ने स्टोन चिप्स के लिए भी आपूर्ति किए गए बोल्डर का रॉयल्टी 132 रुपये प्रति घन मीटर के दर से जमा कराया है।

बोल्डर फॉर चिप्स मामले में झारखंड हाइकोर्ट के निर्देश के बाद झारखंड सरकार ने सितंबर 2019 से लेकर अब तक जिलों में ऐसे सभी मामलों की समीक्षा कर अंतर राशि राजस्व वसूली का निर्णय लिया था।जनवरी 2025 में दुमका जिला में ऐसे 65 पत्थर कारोबारियों को चिन्हित कर जिला खनन पदाधिकारी के कार्यालय से डिमांड नोटिस भेजा गया जो करोड़ों में है।डिमांड नोटिस अंतर राशि की गणना के साथ भेजी गई थी। जनवरी में भेजे गए पहले नोटिस में आपत्ति जमा करने के लिए 15 दिनों का समय भी खनन पट्टेधारियों को दिया गया था।दुमका के जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने पूछे जाने पर बताया इस मामले में जिन 65 खनन पट्टेधारियों को डिमांड नोटिस भेजा गया है,उनमें 10 खनन पट्टेधारियों ने नोटिस का जवाब देते हुए अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत किया है।जिन 10 खनन पट्टेधारियों ने नोटिस का जवाब दिया उसमें अधिकतर ने अंतर राशि की गणना पर आपत्ति दर्ज की है।इसकी समीक्षा की जा रही है।दूसरी ओर 55 खनन पट्टेधारियों ने न आपत्ति दर्ज कराया है और न ही अंतर राशि जमा किया है।

### बोल्डर का रॉयल्टी दर 132 रुपए प्रति घन मीटर है, चिप्स बनाने पर 250 रुपये है दर

**दुमका (विशेष संवाददाता)।** न सिर्फ दुमका जिला बल्कि झारखंड के कई जिलों में बड़ी संख्या में खनन पट्टाधारियों ने खनन किए गए पत्थर का उपयोग स्टोन चिप्स में किया है जबकि रॉयल्टी का भुगतान बोल्डर के दर पर किया है।बोल्डर का रॉयल्टी दर 132 रुपए प्रति घन मीटर है जबकि बोल्डर का उपयोग स्टोन चिप्स के रूप में करने पर रॉयल्टी का दर 250 रुपए प्रति घन मीटर है।रॉयल्टी का यह दर 16 सितंबर 2019 को झारखंड सरकार द्वारा जारी एक अधिसूचना के बाद से लागू है।खनन पट्टेधारियों ने स्टोन चिप्स के रूप में उपयोग किये गए बोल्डर का रॉयल्टी का भुगतान 250 रुपए प्रति की जगह 132 रुपए प्रति घन मीटर का भुगतान कर जिलों में सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का चूना लगाया है।

### 3 माह पहले सरकार ने दिया था अंतर राशि वसूली का निर्देश

**दुमका।** झारखंड सरकार के अपर निदेशक खान,(निगरानी,प्रवर्तन,निरीक्षण एवं अनुश्रवण,रांची) ने दिसंबर 2024 में ही सभी जिलों के जिला खनन पदाधिकारियों को झारखंड हाई कोर्ट के आदेश से अवगत कराते हुए ऐसे सभी मामलों की समीक्षा कर राजस्व वसूली की कार्रवाई करने का निर्देश दिया था।इस निर्देश के बाद ही जिले के डीएमओ ने दुमका जिला में 65 खनन पट्टेधारियों को डिमांड नोटिस भेज कर अंतर राशि वसूली की कार्रवाई शुरू की थी पर खनन पट्टेधारियों ने अब तक एक रुपया भी अंतर राशि सरकार के खजाने में जमा नहीं कराया है।

# अपहरण मामलें में तीन गिरफ्तार, किशोरी बरामद

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**


**सरैयाहाट ।** हंसडीहा थाना क्षेत्र के धमनाकुंडा गांव से किशोरी को अगवा करने मामलें में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए किशोरी को बरामद कर तीन नामजद आरोपी को गिरफ्तार करके गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उक्त मामलें को लेकर किशोरी के पिता ने हंसडीहा थाना में आवेदन देकर किशोरी को बरामद करने सहित उचित कार्यवाही की गुहार पुलिस से लगाई थी। मामलें को गंभीरता से लेते हुए पुलिस द्वारा कांड संख्या 21/25 दर्ज कर जांच शुरू की और मामला दर्ज होने के 24 घन्टे के भीतर किशोरी को बरामद कर लिया साथ ही आरोपी युवक अरुण कुमार राउत, अरुण दास और उसके साथी राजीव दास को हंसडीहा चौक से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया वहीं किशोरी को मेडिकल जांच के लिए मेडिकल कॉलेज दुमका भेजा गया है।

## छेड़खानी छिनतई के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार कर रही छापेमारी

**संवाददाता**

**सरैयाहाट।** बीते दिनों हंसडीहा में घटित छेड़खानी, छिनतई और मारपीट के आरोपी मिथलेश दास को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस लगातार आरोपी के ठिकाने पर छापेमारी करती रही लेकिन आरोपी युवक पुलिस की पकड़ से बाहर रहा। बुधवार की रात दो थाना हंसडीहा और सरैयाहाट की पुलिस आरोपी युवक मिथलेश दास के घर व उसके रिश्तेदारों घर दबिश दी मगर आरोपी युवक कहीं नही मिला। पुलिस की अलग अलग टीम आरोपी युवक को पकड़ने के लिए कई हथकंडे अपना रही है। उसके दोस्तों और रिश्तेदारों को डिटेक्ट किया जा रहा है। ज्ञात हो कि बुधवार सुबह प्रार्थना के लिए हंसडीहा स्थित चर्च जा रहे बाइक सवार दंपति को आरोपी युवक द्वारा रोककर छेड़खानी छिनतई व मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से आरोपी को पकड़कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया था जहां से पुलिस को चकमा देकर आरोपी युवक फरार हो गया। जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने पुलिस के कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए जमकर बवाल काटा साथ ही करीब छह घण्टे तक हंसडीहा से गुजरने वाले सभी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया था। मामलें को लेकर हंसडीहा थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस लगातार दबिश दे रही है, किसी भी सूरत में आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा, जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

## भौंरा पहाड़ पर असमाजिक तत्वों ने लगाई आग, हरे-भरे पेड़ व औषधीय पौधे जलकर राख



**जामा ।** प्रखंड के भौंरा पहाड़ पर दो दिन पहले असमाजिक तत्वों द्वारा आग लगा देने से वन्य जीवन के साथ-साथ हरे भरे वृक्ष और बेशकीमती पौधे जल कर राख में तब्दीत हो रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि हर साल असमाजिक तत्वों द्वारा जामा प्रखंड क्षेत्र के भोंरा, सिरसा आदि पहाड़ पर आग लगा दी जाती है। जिसमे वन संपत्ति की अपार क्षति होती है। हर साल आग लगाने से संरक्षित औषधीय पौधे विलुप्त होने के कगार पर है। पर्यावरण खतरे में पड़ रहा है लेकिन वन विभाग इसकी अनदेखी कर रहा हैं और उदासीन है। जबकि सरकार द्वारा करोड़ों रुपया खर्च कर पेड़ पौधे लगाने में आम जनता की राशि खर्च की जा रही है। पर्यावरण संरक्षक तरुण कुमार लाहा, सुभाष नाग, संजय मंडल, वरुण कापरी, ग्राम प्रधान प्रेम नाथ कुंवर, सोनू सेन, जोशीलाल मुर्मू व रामचंद्र मुर्मू आदि ने सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए प्रशासन से आग लगाने की घटना पर अंकुश लगाने की मांग की है।

## होली मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक



**गोपीकांदर।** गोपीकांदर थाना परिसर में होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर गुरुवार को थाना प्रभारी सुमित कुमार भगत की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। थाना प्रभारी ने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाएं रखना सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर पर समुदाय के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को अपने सुझाव देते हुए कहा कि थाना क्षेत्र में होली को लेकर दो दिन के लिए कोयला ढुलाई में लगे कोयला हाईवाओ को बंद किया जाए ताकि होली के दिन को अप्रिय घटना ना हो। साथ ही प्रशासन के समक्ष होली में शराब पर पाबंदी को लेकर भी प्रस्ताव रखा गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि होली और रमजान के दौरान किसी भी अफवाहों से बचने और सोशल मीडिया पर सतकर्ता बरतने की आवश्यकता है। साथ ही सामुदायिक सहयोग से सभी कार्यक्रमों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने की अपील की गई। इस अवसर पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विशाल कुमार, एसआई धरमेल मांझी, संख्यिकी पदाधिकारी आनंद कुमार सिंह, एएसआई राजन सिंह, सुरेशचंद्र हेंब्रम, गोपीकांदर मुखिया माईकल हेंब्रम, जोगाई गृही, पूर्व उपप्रमुख कुबराज बेसरा, मनोज चांद, दशरथ भगत, निजु मंडल, सुंदर देहरी , बलराम ठाकुर सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवघर में राष्ट्रीय बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल (एन0पी0एच0सी0ई0)कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षक डॉ सिंह आलोक द्वारा बताया गया कि भविष्यमें बुजुर्गों की आबादी बढ़ने की संभावना है,और बीमारी के पैटर्न में एक निश्चित बदलाव हो रहा है,यानी संचारी सेगैर-संक्रामक में, अब समय आ गया है कि स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली बुजुर्गों कीबढ़ती स्वास्थ्य आवश्यकताओं के लिए खुद को तैयार करे। साथ ही समुदाय को यह सुझावदिया कि सभी को अपनी ज़िन्दगी में बुजुर्ग होने का एहसास करना पड़ता है।

## पांचवे, छठे एवं सातवें वेतनमान में वेतन निर्धारण को लेकर निदेशालय की टीम विवि पहुंची

### जोर शोर के साथ चल रही है कर्मचारियों की नियुक्ति संबंधी जांच

**संवाददाता**



**दुमका।** शिक्षकेतर कर्मचारियों के 77 दिनों के हड़ताल का परिणाम यह हुआ कि कर्मचारियों के पंचम छठे एवं सातवें वेतनमान में वेतन निर्धारण को लेकर उच्च शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में निदेशालय की टीम विश्वविद्यालय पहुंची है जिसमें दो उपनिदेशक डॉ अनमोल लाल एवं डॉ अजय राज खालखो के अतिरिक्त निदेशालय के वित्त पदाधिकारी, प्रशाखा पदाधिकारी एवं तीन अंकेक्षक शामिल हैं। कर्मचारियों के नियुक्ति संबंधी कागजातों की जांच जोर शोर के साथ चल रही है।

महासंघ के अध्यक्ष श्री परिमल कुंदन ने कहा कि निदेशक महोदय ने आश्वासन दिया है कि सभी कर्मचारियों के वेतन निर्धारण को लेकर सकारात्मक प्रयास किया जाएगा।

हालांकि उपनिदेशक डॉ अनमोल लाल की कर्मचारी विरोधी नीति को लेकर महासंघ ने निदेशक से अनुरोध किया था कि टीम में उन्हें शामिल नहीं किया जाए।

परिमल कुंदन ने बताया कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि इस बार सभी कर्मचारियों का लंबित पांचवां छठा एवं सातवें वेतनमान में वेतन निर्धारण का अनुमोदन की संभावना दिख रही है। इस बार भी अगर कर्मचारियों के लंबित वेतन निर्धारण का अनुमोदन नहीं किया जाता है तो उच्च न्यायालय ही अंतिम सहारा होगा।

## जेएलकेएम ने ओढ़मो पंचायत में किया पार्टी का विस्तार



**गोपीकांदर ।** प्रखण्ड में जेएलकेएम के पाकुड़ जिला अध्यक्ष हासन अंसारी के आदेश पर बुधवार को प्रखण्ड अध्यक्ष लखीराम राय ने गोपीकांदर प्रखण्ड के ओढ़मो पँचायत का विस्तार किया गया।जिसमे ओड़मो पँचायत अध्यक्ष के रूप मे देव हांसदा,वही उपाध्यक्ष- बिनोद राय, राजदीप मुर्मू,लखन मराण्डी,जगदीश राय,बिकाश कुमार राय,वही सचिव के रूप में शुखलाल देहरी, सह सचिव- करण देहरी, रामप्रसाद देहरी, धनी मड़इया,कोषाध्यक्ष -रंजन देहरी, चयन किया गया। वही प्रखण्ड अध्यक्ष ने कहा कि तभी तो गरीबो एवं निःसहाय को सहयोग एवं सहायता प्राप्त होगी।तथा विस्थापन को लाभ प्राप्ति होगी।इस पँचायत विस्तार में महाबीर मड़ैया, सुखदेव राय, नरेश किशकु,मोतीलाल हेम्ब्रम,मिस्त्री हेम्ब्रम,दिनेश देहरी,षिधन मुर्मू,अनिल मुर्मू, गणेश मरांडी, आदि कार्यकर्ताओ ने जेलकेम की बैठक में शामिल हुए। वही मीडिया प्रभारी में राजकुमार राय को मीडिया प्रभारी के रूप में सर्वसम्मति से चयन किया गया।

## मनरेगा के तहत कूप निर्माण के बिना कार्य के निकासी कर लेने को लेकर बीडीओ ने लगाया जुर्माना

**संवाददाता**



**रानीश्वर (दुमका) ।** प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने मनरेगा के तहत कूप निर्माण के बिना कार्य के निकासी कर लेने को लेकर बृंदाबनी पंचायत के मुखिया किरण कुमारी, पंचायत सचिव अमित कुमार ,रोजगार सेवक नरेश एवं कनीय अभियंता को दो-दो हजार के दर से जुर्माना लगाया है साथ ही बीडीओ ने गुरुवार को कूप निर्माण स्थल के साथ पंचायत में चल रहे निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र एवं 15 वित्त आयोग के तहत पंचायत समिति मद से निर्माणाधीन पीसीसी पथ का निरीक्षण किया है ।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने दस दिन पूर्व बृंदाबनी पंचायत के विकास कार्य के प्रगति का निरीक्षण किया था । निरीक्षण में लाभुक जागेन मरांडी एवं होपन सोरेन का बिरसा सिंचाई कूप निर्माण कार्य का निकासी करने के बाद भी कार्य शुरू नहीं करने की जानकारी मिला था ।बीडीओ ने मामले को गंभीरता से लेकर मुखिया किरण देवी ,पंचायत सचिव अमित कुमार ,रोजगार सेवक नरेश मुर्मू एवं संबंधित पंचायत के कनीय अभियंता को स्पष्टीकरण मांगा था । उन सभी ने स्पष्टीकरण के उत्तर में लिखित जानकारी दिया है कि निर्माण स्थल के जमीन विवाद को लेकर कार्य प्रारंभ नहीं हुई थी । बर्तमान में कार्य पूर्ण कर दिया है । जिसको लेकर बीडीओ ने गुरुवार को पुनः योजना स्थल का निरीक्षण किया है । कार्य स्थल पर बीडीओ के अनुसार निकासी की गयी राशि की कार्य हो गया है साथ ही निर्माण स्थल पर सूचना पट लगा पाया गया है ।उक्त दोनों योजना के बिना कार्य के राशि की निकासी कर लेने को लेकर मुखिया ,पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं कनीय अभियंता को दो दो हजार के दर से आठ हजार रुपये जुर्माना किया गया है।

## वनस्पति विज्ञान के कार्यशाला को लेकर बैठक



**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में वनस्पति विज्ञान के स्नाकोत्तर विभाग द्वारा आयोजित दो-दिवसीय कार्यशाला की तैयारियों को लेकर अहम बैठक संपन्न हुआ। यह कार्यशाला 10 और 11 मार्च को आयोजित होगी, जिसमें बोटैनिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक अपने ज्ञान और अनुभव साझा करेंगे। इस कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. जीवन सिंह जलाल, डॉ. गोपाल कृष्णा, डॉ. सुमन गूटेट, डॉ. श्याम विश्वा और डॉ. की जयंती शामिल होंगे। बैठक में विश्वविद्यालय के कई प्रोफेसर, रिसर्च स्कॉलर और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। प्रमुख रूप से डॉ. संजय कुमार सिन्हा, डॉ. शांतनु लाल बॉन्डया, डॉ. स्नेहा, डॉ. बास्की नीरज, डॉ. अमर दास, डॉ. अनीता चक्रवर्ती, डॉ. सैमुअल किस्कू और डॉ. अरिजीत घोष यदि आदि मौजूद रहे। वनस्पति विज्ञान विभाग के छात्रों में इस कार्यशाला को लेकर विशेष उत्साह है, और सभी इसे एक महत्वपूर्ण और यादगार अनुभव मान रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन इसके सफल आयोजन के लिए हर संभव मदद कर रही है।

# सनातन वेद-वेदांगों का सार है श्रीमदभागवत की कथा : प. संजयानंद

**संवाददाता**



**जरमुंडी ।** जरमुंडी प्रखंड क्षेत्र के बनवारा पंचायत अंतर्गत बांधडीह में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दूसरे दिन गुरुवार को कथा व्यास पंडित संजयानंद ने बताया कि भागवत कथा समस्त वेद वेदांगों का सार है। सभी वेद वेदांग, उपनिषद, पुराण, धर्म शास्त्रों का निचोड़ इसी में निहित है। उन्होंने बताया कि. श्रीमद् भागवत कथा के मर्म को समझने के बाद कुछ भी समझना शेष नहीं रह जाता है। श्रीमद्भागवत कथा का प्रादुर्भाव चतुश्लोकी भागवत के रूप में भगवान श्री मन्नारायण से हुआ। यह ज्ञान नारायण के द्वारा सृष्टिकर्ता ब्रह्मा जी को प्राप्त हुआ। विश्वयोनि ब्रह्मा जी के द्वारा यह ज्ञान नारद जी को एवं नारद जी के द्वारा व्यास जी को श्रीमद्भागवत का ज्ञान प्राप्त हुआ है। कलयुग में श्रीमद् भागवत कथा विशेष मुक्ति प्रदायिनी है। बांधडीह में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में मुख्य यजमान विनोद साह एवं उनकी धर्मपत्नी केशोवती देवी नियम निष्ठा से भाग ले रहे हैं। भागवत कथा आयोजक समिति के सदस्य और भागवत प्रेमी भादो मंडल ने बताया कि श्रीमद् भागवतकथा सात दिनों तक दो पालियों में चलेगी। इसमें प्रत्येक दिवस भागवत कथा व सम्बंधित झांकी आयोजित हो रही है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समिति के सदस्य सहित स्थानीय सभी ग्रामीण तन-मन-धन से लगे हुए हैं।

## सामाजिक सुरक्षा योजना को लेकर लगा कैंप

**गोपीकांदर।** गोपीकांदर प्रखंड के खरौनी बाजार पंचायत भवन परिसर में पंचायती राज विभाग एवं प्रदान संस्था के द्वारा एक दिवसीय नागरिक सहायता केंद्र सह पंचायत स्तरीय एक दिवसीय सामाजिक सुरक्षा योजना कैंप का गुरुवार को आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ पंचायत मुखिया एनोसेंट हेंब्रम के द्वारा किया गया। कैंप में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, जाब कार्ड, आधार कार्ड सुधार, ओनलाइन खजना रशीद कटना , जाति-निवासी, प्रमाण पत्र सहित दर्जनों योजनाओं की आवेदन जमा लिया गया।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन चसिपाहीज फोन न. 7367009287, 9771486686